khabardrishtikon@gmail.com https://khabardrishtikon.com/ https://l.facebook.com khabardrishtikon.com

KD NEWS
सच का सामना
लखनऊ
शनिवार -30 सितम्बर 2023
वर्ष : 02 - अंक : 334
पृष्ठ-8 मूल्य-1:00 रुपये
आरएनआई :
UPHIN/2021/82210

हिन्दी दैनिक
# खबर दृष्टिकोण
समाचार ही नहीं, विश्वास भी...



2 पांच लाख में दो जानो का सौदा हुआ तय...
3 172 कैंसर पीड़ित बच्चों व अभिभावकों ने कैंसर विशेषज्ञ ...
5 बदलते जलवायु परिदृश्य में अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन एवं ...

## मुख्यमंत्री केजरीवाला के आवास रिनोवेशन में बेफिजूल खर्च नहीं बल्कि भ्रष्टाचार भी हुआ-भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के रिनोवेशन में सीबीआई द्वारा अनियमितता और गड़बड़ी की जांच शुरू किए जाने का स्वागत किया है। पार्टी का कहना है कि रिनोवेशन में बेफिजूल ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार भी हुआ है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सीबीआई ने मुख्यमंत्री आवास के रिनोवेशन मामले में प्राथमिक जांच शुरू कर दी है। भाजपा मुख्यमंत्री आवास के रेनोवेशन में हुए घोटाले की सीबीआई जांच को जरूरी बताया। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज दिल्ली स्तब्ध है। सरकारों और राजनीति में रूचि रखने वाला हर तबका दिल्ली में अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए अपराध और भ्रष्टाचार पर स्तब्ध है। सीबीआई जांच शुरू हुई है अब आम आदमी पार्टी का बचना मुश्किल है।

उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति के इतिहास में अगर किसी पार्टी ने सबसे कम समय में लूट और भ्रष्टाचार का कीर्तिमान स्थापित किया है, तो वह पार्टी अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी है। जहां तक दिल्ली के राजमहल के भ्रष्टाचार का मामला है, तो दिल्ली का हर व्यक्ति ये मानता है कि इसमें टॉयलेट और पर्दे ही करोड़ों रुपये के लगे हैं। प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि रेनोवेशन आप नेताओं की मानसिकता का हुआ है। यह बेफजूल खर्च का मामला नहीं है बल्कि भ्रष्टाचार का भी मामला है। सारे नियमों को ताक पर रख कर अरविंद केजरीवाल ने अपने घर का रेनोवेशन किया। सीबीआई की जांच जरुरी थी इसलिए आज दिल्ली की जनता की जीत हुई है।

# महाराष्ट्र में 15 दिनों के अंदर चमत्कार का दावा, शरद पवार आएंगे भाजपा के साथ, अजित बनेंगे सीएम

महाराष्ट्र के विधायक रवि राणा ने दावा किया है कि महाराष्ट्र की राजनीति में अगले 15 दिनों में चमत्कार होगा। शरद पवार भाजपा के साथ आ सकते हैं और इसकी वजह से अजित पवार सूबे के सीएम बन सकते हैं।

**मुंबई।** महाराष्ट्र में अगले 15 से 20 दिनों में एक बड़ा चमत्कार होगा। विधायक निर्दलीय रवि राणा ने यह सनसनीखेज दावा किया है। उन्होंने कहा कि शरद पवार भाजपा के साथ आ सकते हैं और फिर अजित पवार को मुख्यमंत्री का पद मिल सकता है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि शरद पवार देश के विकास के लिए पीएम मोदी का समर्थन करें। रवि राणा ने कहा कि इसके लिए मैंने हर उस जगह पर गणेश जी से प्रार्थना की, जहां मैं गया था। उन्होंने कहा कि शरद पवार के आने पर हम राज्य से लेकर केंद्र तक मजबूत सरकार देखेंगे। निर्दलीय विधायक रवि राणा को डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। उनकी पत्नी नवनीत रवि राणा अमरावती लोकसभा सीट से सांसद हैं। रवि राणा ने कहा कि मैं



पिछले कुछ दिनों में कई गणेश पूजा पांडालों में गया। इस दौरान मैंने भगवान से प्रार्थना की कि शरद पवार देश के विकास के लिए नरेंद्र मोदी का समर्थन कर दें। उन्होंने कहा कि यह चमत्कार 15 से 20 दिन में हो जाएगा। इसके साथ ही वह यह दावा भी कर गए कि शरद पवार के साथ आने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अजित पवार हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि राजनीति में तो कुछ भी संभव है। देवेंद्र फडणवीस सीएम हुआ करते थे और वह डिप्टी सीएम बन गए। अजित पवार नेता विपक्ष थे और वह उपमुख्यमंत्री बन गए हैं। एकनाथ शिंदे शहरी विकास मंत्री थे, लेकिन अब मुख्यमंत्री बन गए हैं। इसलिए यह कोई बड़ी बात नहीं है कि अजित पवार मुख्यमंत्री बन जाएं। यदि अगले 15 दिनों में शरद पवार साथ आते हैं तो फिर अजित पवार मुख्यमंत्री बन सकते हैं। गौरतलब है कि रवि राणा और उनकी सांसद पत्नी नवनीत की उद्धव ठाकरे सरकार के दौरान गिरफ्तारी हो गई थी। नवनीत रवि राणा ने उद्धव के घर के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था, जिसके बाद उन्हें अरेस्ट कर लिया गया था।

# मोदी ने महिला और पुरुष निशानेबाजी टीम को दी बधाई



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करने वाली महिला और पुरुष टीम को बधाई दी है। श्री मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स लिखा, ÷एक शानदार जीत, प्रतिष्ठित स्वर्ण और एक विश्व रिकॉर्ड। एशियाई खेलों में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी टीम स्पर्धा में विजयी होने के लिए कुसाले स्वप्निल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और अखिल श्योरेन को बधाई। उन्होंने असाधारण दृढ़ संकल्प और टीम वर्क दिखाया है। एक अन्य एक्स में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, एशियाई खेलों में निशानेबाजी में एक और पदक। 10 मीटर एयर पिस्टल महिला टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतने पर दिव्या थडिगोल, ईशा सिंह और पलक को बधाई। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। उनकी सफलता कई आगामी खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है कि चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों में आज शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीते है।

# राजस्थान में कांग्रेस शासन के दौरान संविधान की अनदेखी हुई: चन्द्रशेखर

**अलवर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शासन के दौरान राज्य में संविधान की अनदेखी हुई है और बेरोजगारों को रोजगार नहीं दिया गया। चन्द्रशेखर ने कल रात्रि यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि जो मुख्यमंत्री कागज की सुरक्षा नहीं कर सकता वह राज्य की सुरक्षा क्या करेगा। श्री चन्द्रशेखर ने कहा कि उनके द्वारा देश भर में दलितों पर बढ़ रहे अत्याचार के विरुद्ध यह संविधान बचाओ देश बचाओ संकल्प यात्रा निकाली जा रही है । उन्होंने कहा कि यह पूरे देश में यात्रा निकाली जा रही है। विधान सभा में उम्मीदवार उतारने के सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य में सभी सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी उतारे जाएंगे जो कार्यकर्ता जनता को जागरूक करेंगे और जनता के प्रति उत्तरदायित्व रहेंगे। उनको टिकट दिया जाएगा । उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए।

दो अप्रैल की घटनाओं में दर्ज किए गए मुकदमों के सवाल पर उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस ने वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में, 2019 के लोकसभा चुनाव में और पंचायत चुनाव के दौरान यह उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी युवाओं को खासकर मौका देगी जो समाज में परिवर्तन ला सके और बाबा साहब अंबेडकर के सपनों को पूरा कर सकें । केंद्र सरकार द्वारा ले गए महिला आरक्षण के सवाल पर




कहा गया कि मुकदमे वापस लिए जाएंगे लेकिन मुकदमे वापस नहीं लिए। हमें केंद्र सरकार से उम्मीद नहीं है लेकिन राज्य सरकार से उम्मीद थी लेकिन उन्होंने मुकदमे वापस नहीं लिए। इस सरकार ने बेरोजगारों को लूटने का काम किया है। केंद्र ने तो हमें जख्म देने का काम किया है । उन्होंने कहा कि संकल्प यात्रा के बाद केंद्र सरकार के विरुद्ध इस आरक्षण के विरोध में आंदोलन किया जाएगा क्योंकि इस आरक्षण व्यवस्था में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक महिलाओं के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

# सीआरपीएफ महानिदेशक ने कश्मीर का 'ऑपरेशनल' दौरा किया

**श्रीनगर।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक सुजॉय लाल थाओसेन ने परिचालन तैयारियों का आकलन करने और क्षेत्र में तैनात कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कश्मीर का दौरा किया।

सीआरपीएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ महानिदेशक का दक्षिणी कश्मीर में अनंतनाग जिले के एक वन क्षेत्र में आतंकवादी मुठभेड़ के लगभग दो सप्ताह बाद का यह दौरा है, जिसमें सेना के दो अधिकारी, एक पुलिस उपाधीक्षक और एक जवान शहीद हो गए। एक सप्ताह तक चले ऑपरेशन में अधिकारियों की हत्या के पीछे शामिल लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी भी मारे गये थे।

उन्होंने बताया कि महानिदेशक ने श्रीनगर में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) और दक्षिण कश्मीर में सीआरपीएफ बटालियन का दौरा किया। उनके साथ जम्मू-कश्मीर जोन सीआरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक नलिन प्रभात, कश्मीर अभियान क्षेत्र के सीआरपीएफ के महानिरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार वर्मा और श्रीनगर



क्षेत्रीय सीआरपीएफ के महानिरीक्षक अजय यादव उपस्थित थे। प्रवक्ता के मुताबिक उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ इस दौरे का उद्देश्य, परिचालन तत्परता का आकलन करना और क्षेत्र में तैनात सीआरपीएफ कर्मियों का मनोबल बढ़ाना है। महानिदेशक ने आरटीसी के प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की तथा प्रशिक्षण और परिचालन तैयारियों में उत्कृष्टता के लिए सीआरपीएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसके बाद वह त्राल पुलवामा में 180 बटालियन के लिए रवाना हुए, जहां सीआरपीएफ कर्मियों द्वारा उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।उन्होंने 'शहीद मुकेश लाल मीना बैरक' का भी उद्घाटन किया, जो कर्तव्य की पंक्ति में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर नायकों को एक प्रकार से श्रद्धांजलि है।

# भाटी ने फिर भाजपा का दामन थामा

**जयपुर।** राजस्थान में पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी सहित कुछ नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर गुरुवार रात प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा। श्री भाटी ने भाजपा में वापसी की है। उनके पिछले कई दिनों से फिर से भाजपा में आने की चर्चा भी चल रही थी। इन नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों, जनकल्याणकारी नीतियों पर विश्वास जताते हुए बिना किसी शर्त के भाजपा में शामिल हुए।

इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, राष्ट्रीय महासचिव एंव प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने श्री भाटी, शिक्षाविद् श्रवण चौधरी, बांदीकुई से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी भागचंद सैनी और गेटवैल हॉस्पिटल सीकर के बीएल रणवां को माला और भाजपा का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर श्री अरूण सिंह ने कहा कि राजस्थान में भाजपा परिवार में सदस्यता ग्रहण करने को लेकर बहुत उत्साह और उत्सुकता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कुशासन से आज




प्रदेश का हर वर्ग परेशान है और भाजपा का परिवार बढ़ रहा है। लोगों की भाजपा के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ा है। प्रहलाद जोशी ने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी सदस्यों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास कर ही पार्टी में शामिल हुए है।

# दिल्ली में 11 साल तक के पानी के बिल होंगे माफ ? केजरीवाल सरकार ला रही नई योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार पानी के बिलों के लिए लाने जा रही एकमुश्त भुगतान योजना में उन उपभोक्ताओं को भी लाभ देगी, जिन्होंने 11 साल से बिल नहीं भरा है। इसके तहत जुलाई 2012 से बिल जमा नहीं करने वाले दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जनवरी 2023 में पानी के बकाया बिलों और उसमें गड़बड़ी को लेकर एकमुश्त भुगतान योजना की घोषणा की थी। इसका मकसद पुराने बकाया बिलों का एकमुश्त राशि लेकर सेटल करना था। इसके साथ ही समय पर बिल जमा करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करना था। सरकार के इस फैसले से करीब 11.71 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा, जिन पर एरियर मिलाकर पानी के बिलों का कुल 5737 करोड़ रुपये बकाया है।

**एक बार योजना का लाभ देंगे-** दिल्ली



सरकार के जल मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पानी के बिलों में बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हैं। जल बोर्ड के कुल 42 जोन हैं। बीते आठ माह में कुल 8000 बिलों की गड़बड़ियों को ठीक किया है। बाकी बिलों में जिस तरह की शिकायतें हैं, उसे दूर करने में 100 वर्ष लग जाएंगे, इसलिए एक बार सभी बिल बकायेदारों को इस योजना का लाभ मिलना चाहिए।

**समय पर बिल जमा करवाना सुनिश्चित किया जाएगा-** सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आगे से बिलों में गड़बड़ी न हो, वह समय पर बिल जमा करें, यह भी सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने प्रस्ताव में बदलाव करते हुए कहा कि 11 साल से पानी का बिल जमा नहीं करने वाले लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा।

**घोषणा के बाद राजस्व घटा-** दिल्ली सरकार की एकमुश्त भुगतान योजना की घोषणा को लेकर बैठक में मौजूद जल बोर्ड अधिकारी ने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह की योजना की घोषणा तब तक नहीं करनी चाहिए, जब तक वह मंजूर नहीं हो जाए।

उन्होंने पानी के बिल के जरिए जुटे राजस्व का आंकड़े पेश करते हुए कहा कि इसकी घोषणा के बाद लोगों ने बिल जमा करना कम कर दिया है। राजस्व घटता जा रहा है। उन्होंने कहा कि घोषणा से पहले अक्टूबर 2022 (आधे महीने में) जहां 13 करोड़ रुपये, नवंबर 2022 में 53 करोड़ रुपये और दिसंबर 2022 में 202 करोड़ रुपये का राजस्व मिला। वहीं,घोषणा के बाद जनवरी 2023 में पानी के बिल का कलेक्शन 31 करोड़, फरवरी 2023 में 18 करोड़ और मार्च 2023 में 44 करोड़ रुपये हुआ।

**जल बोर्ड के अधिकारियों ने विरोध जताया था**

अधिकारियों ने कहा कि जल बोर्ड में पहले से ही राजस्व कम आ रहा है। एकमुश्त भुगतान योजना को लेकर हुई पिछली बैठक में जल बोर्ड अधिकारियों ने कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं को लाभ नहीं देना चाहिए, जिन्होंने जुलाई 2012 से बिल नहीं भरा है। बैठक के मिनट्स ऑफ मीटिंग के मुताबिक, अधिकारी ने कहा कि ये वो लोग हैं जिन्होंने जानबूझकर बिल जमा नहीं किया है। ऐसे में इन्हें लाभ नहीं मिलना चाहिए। इस प्रस्ताव को जल मंत्री ने खारिज कर दिया।

# छात्र 31 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

## एससी-एसटी छात्रों को इसी वर्ष से मिलेगी बढ़ी हुई स्कॉलरशिप

लखनऊ (संवाददाता)। योगी सरकार ने प्रदेश के एससी और एसटी से जुड़े लाखों छात्रों को बड़ी सौगात दी है। मौजूदा वित्तीय वर्ष से सरकार पूर्व दशम छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 व 10 के अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को अब 3,500 रुपए प्रति वर्ष देगी। अभी तक इस वर्ग के छात्रों को प्रतिवर्ष 3,000 रुपए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती थी। खास बात ये है कि अब ऐसे परिवार जो स्वच्छता कार्य से जुड़े हैं, इनके कक्षा 9 व 10 में पढ़ रहे बच्चों को भी सरकार की तरफ से पहली बार छात्रवृत्ति मिलेगी। इस योजना का लाभ सभी आय वर्ग के परिवार ले सकेंगे। सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि बच्चों के व्यक्तिगत विवरण आधार से स्वतः प्राप्त हो जाएंगे। विद्यार्थियों को अब आवेदन पत्र में निजी विवरण नहीं भरना होगा। आधार से नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि आदि स्वतरू प्राप्त हो जाएगी। साथ ही सीबीएसई एवं आईसीएससी बोर्ड से बच्चों के प्राप्तांक ऑनलाइन प्राप्त हो जाएंगे जिससे आवेदन के समय होने वाली त्रुटियों की संभावना खत्म हो जाएगी और अधिक से अधिक विद्यार्थी योजना का लाभ ले सकेंगे। इसी प्रकार डिजिलॉकर और एनपीसीआई से पोर्टल को जोड़कर खाता संख्या इत्यादि भरने में होने



वाली गलतियों को भी खत्म कर दिया गया है। अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग में अब 31 मार्च तक कक्षा 11, 12 व अन्य ऊपरी कक्षाओं हेतु आवेदन किए जा सकेंगे, जिससे परीक्षा परिणाम देर से आने अथवा सत्र देर से प्रारंभ होने पर भी छात्रवृत्ति हेतु आवेदन किया जा सकेगा। बीएससी या बीए जैसे नॉन प्रोफेशनल कोर्स में छात्रवृत्ति प्राप्त करने के बाद बीटेक जैसे प्रोफेशनल कोर्स में भी अब छात्रवृत्ति की सुविधा मिलेगी। विद्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति चरणबद्ध रूप से लागू की जा रही है। जिन संस्थानों द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति लागू नहीं की जाएगी उन्हे वित्तीय वर्ष 2025–26 से छात्रवृत्ति का लाभ नहीं दिया जाएगा। कक्षा 9 व 10 में 12 वर्ष से 20 आयु के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा एवं कक्षा 11, 12 व अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 40 वर्ष की आयु तक छात्रवृत्ति का लाभ मिल सकेगा। अस्वच्छ पेशे में लगे व्यक्तियों के कक्षा 9 व 10 में पूर्ण अवधि आधार पर अध्ययन कर रहे आश्रित छात्र भी छात्रवृत्ति का लाभ ले सकेंगे। अस्वच्छ पेशे से तात्पर्य उनसे है जो हाथ से मैला ढोते हैं, चर्मकार, कूड़ा उठाने वाले और जान जोखिम में डालकर सफाई प्रक्रिया को पूर्ण करते हैं।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है, उ0प्र0 राजधानी लखनऊ से प्रकाशित राष्ट्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र खबर दृष्टिकोण ,वेब पोर्टल व चैनल को मंडल स्तर/जिला स्तर/तहसील स्तर व ब्लाक स्तर पर पार्टनर/क्षेत्रीय पार्टनर/ब्यूरो/सवांददाता की। पत्रकारिता जगत से जुड़ने के लिए इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करे ।

**संपर्क नं.**
8840277268 / 522–4073793
**ई मेल–**
khabardrishtikon@gmail.com
**Website :**
www.khabardrishtikon.com
**Off Add-** 6A/101,Sector&6 Vrindavan Yojana Rai Bareli Road Lucknow.

# 172 कैंसर पीड़ित बच्चों व अभिभावकों ने कैंसर विशेषज्ञ से पूंछे सीधे सवाल

## कैंसर विशेषज्ञ डॉ0 अर्चना कुमार व डॉ0 गीतिका पंत ने दिया सवालों का जबाब

**खबर दृष्टिकोण**

आलमबाग। कैंसर पीड़ित बच्चों और उनके परिवारों की ताकत, धैर्य और दृढ़ता को सम्मानित करने के लिए सितंबर माह को कैंसर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है, ताकि कैंसर पीड़ित बच्चों को उचित समय पर उपयुक्त कैंसर सेंटर में इलाज मिल सके। सामाजिक संगठन कैनकिड्स किड्सकैन ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से नेशनल हेल्थ मिशन के साथ मिलकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कैंसर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसी क्रम में शुक्रवार रायबरेली रोड के वृंदावन योजना सेक्टर – 6 स्थित कैनकिड्स किड्सकैन के कार्यालय में संस्था की प्रदेश कोऑर्डिनेटर डॉ० योगिता भाटिया ने कैंसर से युद्ध जीत चुके बच्चों के साथ उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व वित्त मंत्री को फीता बांध कर कैंसर जागरूकता अभियान की शुरुवात किया। इस मौके पर डॉ० योगिता ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और वित्त को कैंनकिड्स की गतिविधियों से अवगत कराया।

डॉ० योगिता भाटिया ने बताया कि इस वर्ष हमारी संस्था ष्कैंसर से पीड़ित बच्चे जीवित रह सकते हैं और आगे भी बढ़ सकते हैंष विषय पर शुक्रवार को कैंसर पर विजय प्राप्त कर चुके बच्चों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश समेत कई अन्य राज्यों के 172 कैंसर पीड़ित बच्चों और उनके अभिभावकों से सीधी बात कर उन्हे जागरूक किया। इस मौके कैंसर पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों ने मेडिकल कालेज की पूर्व प्रोफेसर व अपोलो मेंडिक्स अस्पताल में कैंसर मरीजों को अपनी सेवाएं दे रही डॉ० अर्चना कुमार व कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर अस्पताल की डॉ० गीतिका पंत ने कैंसर पीड़ित बच्चों व उनके अभिभावकों द्वारा पूछे गए सवालों का जबाब दिया। इस मौके पर डॉ० योगिता भाटिया ने संस्था की उपलब्धियों को गिनाते हुए बताया कि सितंबर माह में कैंसर जागरूकता अभियान के तहत संस्था ने अस्पताल आधारित गतिविधियों के तहत जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों व चिकत्सा अधिकारियों के साथ बैठक कर 637 स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं आशा बहुओं और एनएम को प्रशिक्षित किया। साथ ही साथ स्कूल व कॉलेज में अभियान चला कर बच्चों व सामान्य लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताता की सितंबर माह में उत्तर प्रदेश के पांच जिलों सीतापुर, लखीमपुर खीरी, उन्नाव, रायबरेली व शाजहाँपुर के 14 सीएचसी में आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि लखनऊ में आयोजित साइंस सिटी और पुस्तक मेले में कैंसर से जंग जीत चुके बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।



## सरकारी काम में बाधा डाल धमकी देने के दो आरोपी गिरफ्तार

**खबर दृष्टिकोण**

आलमबाग। आलमबाग पुलिस ने शुक्रवार को कृष्णा नगर मैट्रो स्टेशन के पास से यातायात पुलिस कर्मी संग सरकारी काम में बाधा डालने के साथ गाली गलौज कर धमकी देने के दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है। आलमबाग अतिरिक्त प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय अक्षय शर्मा पुत्र गणेश शर्मा निवासी ग्राम पहिया आजमपुर थाना काकोरी एवं अभय मौर्या पुत्र संत राम मौर्या निवासी ग्राम पहिया आजमपुर थाना काकोरी के रूप में दिया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों ने थाना क्षेत्र स्थित एरडी चौकी पर स्थित निगम के यार्ड पर ड्यूटी पर कार्यरत ट्राफिक पुलिस हेड कांस्टेबल अशोक उपाध्याय ,मो आरिफ , अर्जुन मौर्या समेत महिला कांस्टेबल शिवा चौहान, थाना आलमबाग क्रेन चालक हेमन्त सोनी सुपरवाइजर प्रभात सिंह संग नो पार्किंग जोन से नो पार्किंग में खड़े वाहन को उठाने के चलते बीच सडक पर सरकारी क्रेन गाड़ी रोक गाली गलौज करने के साथ सरकारी कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस के मुताबिक पीडित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। पकड़े गए आरोपियों को थाने में दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल [illegible]




# बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना दरवाजा तोड़ कर लाखों के समान पर किया हाँथ साफ

**पति से मिलने कानपुर गई महिला के बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना लैपटॉप टीवी करीब 6 लाख के जेवर व 40 हजार कैश लूट ले गए चोर पड़ोसी के फोन करने पर हुई जानकारी जानकीपुरम पुलिस चोरों पर लगाम लगाने में दिखी नाकाम चोरी लूटपाट किडनैपिंग जैसी घटनाओं को खुलेआम क्षेत्र में चुनौती देते हैं अपराधी**





**खबर दृष्टिकोण**

लखनऊ। जानकीपुरम थाना क्षेत्र के द्वारिका धाम सीता विहार कॉलोनी में एक बंद घर में चोरों ने दरवाजा तोड़ करीब 6 लाख के जेवर व नगदी पर किया हाथ साफ जानकारी मुताबिक 443 द्वारिका धाम कॉलोनी सीता विहार जानकीपुरम की रहने वाली वैश्वी अपने पति प्रतीक जो की क्रोम टाटा कंपनी में काम करते हैं उनसे मिलने शनिवार को कानपुर गई थी शुक्रवार की सुबह घर के पड़ोसी ने फोन कर जानकारी दी कि ऊपर का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है जानकारी होते ही जब वह घर आई तो दरवाजा खोलते ही उनके होश उड़ गए घर में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था और घर में रखी अलमारी टूटी हुई थी मकान मालिक वैश्वी के मुताबिक घर में रखे एक लैपटॉप एलइडी टीवी व सोने के करीब 5 लाख के जेवर घर से गायब थे इसके बाद उन्होंने 112 पर पुलिस को सूचना दी। वहीं सूत्रों की माना जाए तो लगातार थाना जानकीपुरम क्षेत्र में लूट पाट अपराहन वा चोरी जैसी घटनाओं को खुलेआम अपराधी अंजाम देते हुए नजर आ रहे हैं जिन पर जानकीपुरम पुलिस लगाम लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उरविजा दीक्षित का बबीना में जोर खरोश से स्वागत किया गया





**अंकित कुमार द्विवेदी खबर दृष्टिकोण**

कदौरा।बबीना भारतीय जनता पार्टी की नव नियुक्त जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित की कदौरा में पहली यात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से बंपर स्वागत किया ज्यों ही नव नियुक्त जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित बबीना पहुंची तो कार्यकर्ताओं ने बुलडोजर से स्वागत गेट बनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया तत्पश्चात बबीना से होते हुए जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित कदौरा पहुंची जहां पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया बताते चलें कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा उर्विजा दीक्षित को जिला अध्यक्ष बनाया गया है उनके जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद शुक्रवार को उनका पहली बार कदौरा आगमन हुआ उससे पहले बबीना में मंत्री जी भानु प्रताप वर्मा व गौरव उपाध्याय पूर्व प्रधान बबीना जिला मंत्री भाजपा किसान मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों के द्वारा स्वागत किया गया जिसमें बीनू सेगर श्यामू महाराज अजय सिंह गुलाब पाल देवेंद्र सिंह छून्ना दुबे पवन दुबे सत्यम पांडे आदि लोग मौजूद रहे बबीना में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया इस दौरान जगह–जगह लोगों ने उन्हें फूल मलाये पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया नव नियुक्त जिला अध्यक्ष ने भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर पूरा खरा उतारने का प्रयास रहेगा जिस तरह पार्टी ने अभी तक सफलता प्राप्त की है आगे लोकसभा चुनाव में भी इस सफलता को दोहराना है कार्यकर्ताओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा उनके सम्मान में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जिलाध्यक्षों की सूची जारी की थी इसमें भाजपा में जिले में पहली बार किसी महिला को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी है पार्टी ने महिला पर भरोसा जताते हुए उर्विजा दीक्षित को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया है वह पार्टी से जुड़कर लगातार सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभाकर पार्टी हित में कार्य करती रही हैं शहर के मोहल्ला रामनगर निवासी उर्विजा दीक्षित ने बसपा से राजनीति की शुरुआत की थी वर्ष 2014 में बसपा छोड़कर भाजपा में आ गई उन्होंने लक्ष्मीकांत वाजपेई की मौजूदगी में भाजपा का दामन थामा था पार्टी में आने के बाद उनकी मेहनत देखते हुए उन्हें कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया गया था इसके बाद उन्हें महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश महामंत्री का पद भी दिया गया था भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले में पहली बार उर्विजा दीक्षित को जिलाध्यक्ष बना कर जिले में ब्राह्मण वा महिला वोट साधने के लिए कमान सौंपी है

## प्रधानमंत्री आवास योजना के पंजीकरण की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ी

**खबर दृष्टिकोण**

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बसंतकुंज योजना के सेक्टर–आई में निर्मित किये जा रहे हैं 3792 आवास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जन सामान्य की मांग पर एक महीने के लिए बढ़ायी पंजीकरण की तारीख, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के सेक्टर–आई में निर्मित किये जा रहे 3792 प्रधानमंत्री आवासों के लिए अब दिनांक–31.10.2023 तक पंजीकरण कराया जा सकेगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने जन सामान्य की मांग पर पंजीकरण की तारीख एक महीने आगे बढ़ा दी है। आर्थिक रूप से कमजोर लोग, जिनके पास अपना पक्का आवास नहीं है, वह इन आवासों के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इस बार भवन का मूल्य 7,29,550 रूपये है, जिसके लिए लाभार्थी को 4,79,550 रूपये देने होंगे। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि योजना के लिए आवेदन लखनऊ विकास प्राधिकरण की वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन किये जा रहे हैं। आवेदक को पंजीकरण कराते समय 10,000 हजार रूपये पंजीकरण शुल्क जमा करना है। वहीं, शेष धनराशि आवंटन पत्र जारी होने के बाद किश्तों में जमा करानी होगी। इसके लिए आवंटन पत्र जारी होने की तारीख से एक माह के अंदर 50,000 रूपये तथा अवशेष धनराशि 4,19,550 रूपये 60 मासिक किश्तों में यानि कि प्रतिमाह 8,308 रूपये देनी होगी। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भवन प्राप्त करने के लिए डूडा में पंजीकृत चयनित व्यक्तियों के अलावा अन्य व्यक्ति भी लखनऊ विकास प्राधिकरण में अपना पंजीकरण करा सकेंगे। लेकिन अन्य आवेदकों का सत्यापन डूडा द्वारा किये जाने के उपरांत सत्यापित आवेदक ही आवंटन के पात्र होंगे। इसके अलावा उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–26क के अंतर्गत सार्वजनिक भूमि से विस्थापित आर्थिक कमजोर वर्ग के पात्र व्यक्ति द्वारा अगर योजना में आवेदन किया जाता है तो उसे आवंटन में वरीयता दी जाएगी।

**निःशुल्क सहायता केन्द्र का उठा सकते हैं लाभ**

उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पंजीकरण कराने में किसी तरह की कोई दिक्कत न आए, इसके लिए विभिन्न जगहों पर निःशुल्क सहायता केन्द्र भी स्थापित किये गये हैं। उन्होंने बताया कि यह सहायता केन्द्र इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर विस्तार थाने के निकट स्थित सामुदायिक केन्द्र, प्राधिकरण भवन स्थित बारादरी हॉल, गोमती नगर स्थित नगर निगम आर0आर0 कार्यालय, लालबाग स्थित एलडीए कार्यालय, हरदोई रोड स्थित जॉगर्स पार्क व चौक स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क में बनाये गये हैं।

## बाइक में पेट्रोल भराने के बाद बिना पैसा दिये भागे अज्ञात युवको पर मुकदमा दर्ज

**खबर दृष्टिकोण**

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बा स्थित टीआर सर्विस स्टेशन के मैनेजर ओम प्रकाश यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया 26सितम्बर को एक बाइक सवार दो लोग पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भराने आये ओर टंकी पर काम करने वाले कर्मचारी दुर्गेश सिंह से 210रुपये का पेट्रोल बाइक में भरवाया,जिसके बाद बाइक सवार युवको ने पेमेंट के लिये स्कैनर मांगा,कर्मचारी दुर्गेश स्कैनर लेने चला गया तो बिना पैसे दिये बाइक समेत दोनो युवक मौके से भाग निकलें।जिसके बाद मैनेजर ने बाइक नम्बर के आधार पर पुलिस से शिकायत कर बिना पैसे दिये भागे अज्ञात युवको पर कार्यवाही की मांग की।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया मैनेजर की तहरीर पर बाइक के आधार पर अज्ञात युवको पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

**खबर दृष्टिकोण**



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव स्थित झंडेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर शुक्रवार को कथा व्यास दिनेश शास्त्री जी महाराज द्वारा हवन–पूजन कराया गया.जिसके बाद कन्याओ को भोजन कराकर आयोजित भंडारे में पूड़ी–सब्जी व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया गया। भागवत कथा व भंडारे का आयोजन राम सुख साहू व विनोद साहू ने ग्रामीणो के सहयोग से किया।भंडारे में पूर्व विधायक अमरेश कुमार रावत,वरिष्ठ समाजसेवी गोविंद तिवारी,राजेश पाडें,शिव नारायण बाजपेयी,पत्रकार एसोसिएशन संयुक्तमंत्री अनुपम मिश्रा,विनीत मिश्रा,सभासद अरूण कुमार,भाजपा नेता सतीश शुक्ला समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग व ग्रामीणो ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## बाबा बैजनाथ धाम से लौटे कॉवड़ियो ने विशाल भंडारे का आयोजन

**खबर दृष्टिकोण**

मोहनलालगंज।बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन कर लौटे कॉवड़ियो ने निगोहां कस्बे में शुक्रवार को विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। किया। निगोहां इलाके के गांवो से श्रद्धालू पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर ,संतोष शर्मा,शिवचंद गुप्ता ,मोनू शर्मा,अनुज अवस्थी,विनीत मिश्रा,टिंकू शर्मा,श्रीराम चौरसिया,अभिषेक गुप्ता समेत 200 कॉवड़ियो की टोली 13 सितम्बर को बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन को ट्रेन से रवाना हुयी थी,झारखंडध के सुल्तानगंज से कावड़ में जल भरकर कावड़ियों का जत्था 125किलोमीटर पैदल चलकर बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर जलाभिषेक कर दर्शन किये थे।बाबा बैजनाथ धामध के दर्शन कर वापस लौट कॉवड़ियों ने शुक्रवार को निगोहां कस्बे में विशाल भंडारे का आयोजन कर राहगीरो समेत ग्रामीणो पुड़ी–सब्जी व बूंदी के प्रसाद का वितरण किया।



# प्रधानमंत्री मोदी का एक माह में 85 देशों के नेताओं से मिलना

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**प्रधानमंत्री मोदी का एक माह में 85 देशों के नेताओं से मिलना अपने आप में बहुत मायने रखता है। राजनीतिज्ञों, राजनयिकों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों भी यह स्वीकार्य करते हैं कि उन्होंने अपनी दूरदृष्टि से भारत को वैश्विक मामलों में एक प्रमुख हितधारक बना दिया है। पीएम मोदी अपने आप में एक मजबूत नेता ही नहीं, बल्कि कहा जाए कि एक ऐसा व्यक्तित्व है, जो जिससे मिलते हैं उसे अपने सांचे में ढाल देते हैं, यही कारण है कि दुनिया भर में भारत की छवि आज शक्तिशाली देश के रूप में सामने आई है। उन्हीं के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था जो विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनके कार्यकाल में सबसे अधिक आबादी वाले इस देश से पश्चिम देश मित्रता के लिए आतुर हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 30 दिनों तक विदेशी नेताओं के साथ बैठकें कर जो संवाद स्थापित किया, उसने आज अपने आप में एक रिकार्ड बना लिया है। भारत को छोड़ कर दुनिया का शायद ही कोई देश होगा, जिसके प्रधानमंत्री या राष्ट्र प्रमुख ने एक माह में 85 देशों के प्रमुख नेताओं से संपर्क साधा और कूटनीति की कुर्सी पर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उससे अपने लाभ के नितिगत निर्णयों में हां करवाई होगी।



वस्तुतः इस संदर्भ में स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया भी कि कैसे पिछले 30 दिन में भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है। जी-20 से पहले दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन हुआ और भारत के प्रयास से ब्रिक्स समुदाय में छह नए देश शामिल किए गए। दक्षिण अफ्रीका के बाद वह यूनान गए जो गत 40 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा थी। पीएम मोदी ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन से ठीक पहले उन्होंने इंडोनेशिया में भी विश्व के अनेक नेताओं के साथ बैठकें कीं। इस तरह से देखें तो गत 30 दिनों के अल्प समय में 85 देशों के नेताओं से उन्होंने न सिर्फ संपर्क किया बल्कि सार्थक संवाद के माध्यम से उन्हें भारत के हितों में उनके हित निहित हैं इस बात से ठीक तरह से अवगत करा दिया है। निश्चित ही इससे आज भारत की कूटनीति एक नयी ऊंचाई पर पहुंची है।

सच पूछिए तो प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की इस पहल से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की वास्तविक क्षमता और भूमिका को महसूस किया जा सकता है। आज वे दिन याद आते हैं जब प्रधानमंत्री मोदी मई 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पहला विदेश दौरा अगस्त 2014 में जापान का किया था। वहां पीएम मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिंजो आबे के साथ तालमेल स्थापित किया। पिछले साल जुलाई में जब उनके दोस्त की हत्या हुई तो पीएम मोदी को गहरा दुख हुआ था। वह अपने दोस्त के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने जापान गए थे।

विदेश नीति और कूटनीति के स्तर पर उन्होंने सार्क देशों के सभी प्रमुखों की उपस्थिति में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया और दूसरे की शुरूआत में बिम्सटेक नेताओं को आमंत्रित किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में उनके संबोधन की हर बार दुनिया भर में सराहना हुई है । पीएम मोदी 17 साल की लंबी अवधि के बाद नेपाल, 28 साल के बाद ऑस्ट्रेलिया, 31 साल के बाद फिजी और 34 साल के बाद सेशेल्स और यूएई के द्विपक्षीय दौरे पर जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने।

पदभार संभालने के बाद से मोदी ने यूएन, ब्रिक्स, सार्क और जी-20 समिट में भाग लिया और अपने यहां भी सफलतम आयोजन कराया, जिसकी कि आज पूरी दुनिया में प्रशंसा हो रही है। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की दृष्टि विश्व को देना हो या यह नारा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर अर्थात् एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य को सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य करते हुए समस्त विश्व को एक छाते के नीचे लाना जिसमें कि अफ्रीकी संघ का जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में सम्मिलित करने के मोदी के प्रयासों को मिली सफलता को आज प्रमुखता से देखा जा सकता है।

कई अफ्रीकी देशों की प्रतिक्रिया अभूतपूर्व है, किसी ने कहा, 'भारत दुनिया की पांचवीं महाशक्ति है, इस कारण अफ्रीका में हिंदुस्तान के लिए पर्याप्त जगह है। हम यह भी जानते हैं कि इंडिया इतना शक्तिशाली है कि वो स्पेस पर पहुंच गया, हमें बस समन्वय करने की जरूरत है, भारत अब चीन से आगे है।' तो कोई यह बोला कि 'जी-20 में शामिल किये जाने की हम लंबे समय से वकालत कर रहे थे, किंतु सफलता भारत के प्रधानमंत्री मोदी के कारण मिली। जी-20 में एयू की भागीदारी से अफ्रीकी महाद्वीप की आवाज को वैश्विक मंच पर अधिक प्रभावशाली तरीके से रखा जा सकेगा।' इसके साथ यह भी प्रतिक्रिया सामने आई कि अफ्रीकी और अन्य विकासशील अर्थव्यवस्था वाले देशों के रूप में, हमें गरीबी, असमानता और बेरोजगारी जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों के बीच अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की बाध्यता का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब हमारे साथ ऐसा नहीं होगा, यह उम्मीद की जा सकती है।

देशभर में करीब 200 आयोजनों के साथ नरेंद्र मोदी की सरकार ने जी20 को पूरे भारत में दिलचस्पी के केंद्र में ला दिया। भारत ने सम्मेलन से सिलसिले में हुए आयोजनों का आर्थिक फायदा भी उठाया। देश के 200 शहरों में बैठकों के आयोजन का मतलब था, दुनिया भर के प्रतिनिधियों को उन शहरों तक ले जाना और उसके लिए न सिर्फ आयोजन और सुरक्षा की बल्कि रहने सहने की व्यवस्था करना। निश्चित तौर पर इससे पर्यटन की एक संरचना बनी जिसका फायदा भारत को मिलना शुरू भी हो गया है। वास्तव में यह भारत की विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोई छोटी उपलब्धि नहीं रही है। इस वैश्विक सम्मेलन जी20 में विभिन्न वैश्विक, आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर भारत के विचारों को व्यापक रूप से सराहा गया है, उसे स्वीकार्यता मिली है।

इसे मोदी का प्रभावी व्यक्तित्व माना जाएगा कि उन्हें सऊदी अरब के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'किंग अब्दुलअजीज सैश', रूस के शीर्ष सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टले सम्मान', फिलिस्तीन के 'ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन' सम्मान, अफगानिस्तान के 'अमीर अमानुल्ला खान अवॉर्ड', यूएई के ह्यजायेद मेडल' और मालदीव के 'निशान इज्जुद्दीन' सम्मान जैसे सर्वश्रेष्ठ सम्मानों से सम्मानित किया गया है। शांति और विकास में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रतिष्ठित सियोल शांति पुरस्कार दिया गया है।

वस्तुतः यह मोदी की कूटनीतिक क्षमता ही है कि 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' मनाने के नरेन्द्र मोदी के आग्रह को संयुक्त राष्ट्र में अच्छी प्रतिक्रिया मिली। पहले दुनिया भर में कुल 177 राष्ट्रों ने एक साथ मिलकर 21 जून को संयुक्त राष्ट्र में 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' के रूप में घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया और फिर उसके बाद से इसका हर साल सफलता से आयोजन पूरी दुनिया में एक साथ हो रहा है। निश्चित ही जो करिश्मा आज तक दुनिया का कोई देश नहीं कर पाया, वह भारत ने कर दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत की सफलता और साख के नए कीर्तिमान गढ़े हैं। उन्होंने जहां एक ओर अपनी सफल कूटनीति से अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान और रूस सरीखे ताकतवर देशों को अपना मुरीद बनाया है वहीं विस्तारवादी चीन और पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर करारी पटकनी दी है।

अंत में यही कि प्रधानमंत्री मोदी का एक माह में 85 देशों के नेताओं से मिलना अपने आप में बहुत मायने रखता है। राजनीतिज्ञों, राजनयिकों, अर्थशास्त्रियों और अन्य विशेषज्ञों भी यह स्वीकार्य करते हैं कि उन्होंने अपनी दूरदृष्टि से भारत को वैश्विक मामलों में एक प्रमुख हितधारक बना दिया है। पीएम मोदी अपने आप में एक मजबूत नेता ही नहीं, बल्कि कहा जाए कि एक ऐसा व्यक्तित्व है, जो जिससे मिलते हैं उसे अपने सांचे में ढाल देते हैं, यही कारण है कि दुनिया भर में भारत की छवि आज शक्तिशाली देश के रूप में सामने आई है। उन्हीं के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था जो विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रही है। उनके कार्यकाल में सबसे अधिक आबादी वाले इस देश से पश्चिम देश मित्रता के लिए आतुर हैं।

(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## संपादकीय

### स्वामीनाथन का महाप्रयाण

भारत को अन्न के अकाल से मुक्त कर उसे दुनिया का अन्नदाता बनाने वाले कृषि विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन की जीवन यात्रा पर बृहस्पतिवार को महाविराम लग गया। देश में हरित क्रांति के जनक और आत्मनिर्भर कृषि के प्रणेता स्वामीनाथन परिजनों से मिले 'शतं जीवेत' के आशीर्वचन से महज दो वर्ष पहले ही महाप्रयाण कर गए हैं। पर उनका अवदान इतना बहुमुखी और दीर्घायुष्य है कि वे सदियों तक कृतज्ञ राष्ट्र की स्मृतियों में जीवित रहेंगे। वे अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैंग जिसने भारतीय कृषि और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया है। कृषि और आनुवंशिकी की दुनिया में स्वामीनाथन की आजीवन अन्वेषी चेतना को 1943 में बंगाल के भीषण दुर्भिक्ष ने गढ़ा था, जब चावल के एक-एक दाने के लिए लाखों लोगों ने दम तोड़ दिया था। इस घोर मानवीय संकट ने युवा स्वामीनाथन में देश की भूख मिटाने की प्रतिबद्धता को जाग्रत किया और इसके लिए कृषि अनुसंधान के प्रति एक जुनून पैदा किया। स्वामीनाथन ने भारत की विविध कृषि स्थितियों में पनपने में सक्षम गेहूं और चावल की उच्च उपज वाली किस्मों को विकसित करने के मिशन पर काम शुरू किया, जिसने भारत में हरित क्रांति को साकार किया और पैदावार में भारी वृद्धि कर लाखों लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सही ही उन्हें 'नवाचार का एक ऊर्जाघर' कहा है। स्वामीनाथन ने अनेक अहम पदों पर महद्मवपूर्ण काम किया और कृषि क्षेत्र की नीतियां बनाने में वे विभिन्न सरकारों के मार्गदर्शक रहे थे। पैदावार के न्यूनतम मूल्य निर्धारण से लेकर खेती को घाटे से उबारने के लिए उनकी कमेटी की सिफारिशें एक आधार-दृष्टि बनी रहेंगी। खेती में बने लैंगिक भेदभाव को दूर कर महिला मजदूरों के सशक्तिकरण के वे पहले पहलकर्ता थे। उनकी पहल पर ही इस पर योजना आयोग की रिपोर्ट में पहली बार अलग से एक अध्याय दिया गया। वैश्विक कृषि और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने की उनकी अथक प्रतिबद्धता को देखते हुए टाइम पत्रिका ने उन्हें '20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली एशियाई लोगों' की सूची में रखा था। हालांकि स्वामीनाथन को देश-विदेश के सर्वोच्च पुरस्कारों से नवाजा गया थाग पर वे इन सबसे ऊपर थे। ऐसे पद्मविभूषण स्वामीनाथन खाद्यान्न आत्मनिर्भरता और कृषि नीतियों की नियमित चर्चाओं में अन्न के दाने की तरह विद्यमान रहेंगे।



## चिंतन-मनन

### कृष्ण हैं परम पुरुष

जीव तथा भगवान की स्वाभाविक स्थिति के विषय में अनेक दार्शनिक ऊहापोह में रहते हैं। जो भगवान कृष्ण को परम पुरुष के रूप में जानता है, वह सारी वस्तुओं का ज्ञाता है। अपूर्ण ज्ञाता परम सत्य के विषय में केवल चिन्तन करता जाता है, जबकि पूर्ण ज्ञाता समय का अपव्यय किये बिना सीधे कृष्णभावनामृत में लग जाता है, अर्थात भगवान की भक्ति करने लगता है। सम्पूर्ण भगवद्गीता में पग-पग पर इस तथ्य पर बल दिया गया है। फिर भी भगवद्गीता के ऐसे अनेक कट्टर भाष्यकार हैं, जो परमेर तथा जीव को एक ही मानते हैं। वैदिक ज्ञान श्रुति कहलाता है, जिसका अर्थ है श्रवण करके सीखना। वास्तव में वैदिक सूचना कृष्ण तथा उनके प्रतिनिधियों जैसे अधिकारियों से ग्रहण करनी चाहिए। यहां कृष्ण ने हर वस्तु का अंतर सुन्दर ढंग से बताया है, अतएव इसी स्रोत से सुनना चाहिए। लेकिन केवल सुनना पर्याप्त नहीं है। मनुष्य को चाहिए कि अधिकारियों से समझे। ऐसा नहीं कि केवल शुष्क चिन्तन ही करता रहे। मनुष्य को विनीत भाव से भगवद्गीता से सुनना चाहिए कि सारे जीव सदैव भगवान के अधीन हैं। जो भी इसे समझ लेता है, वही श्रीकृष्ण के कथनानुसार वेदों के प्रयोजन को समझता है, अन्य कोई नहीं समझता।

भजति शब्द अत्यन्त सार्थक है। कई स्थानों पर भजति का संबंध भगवान की सेवा के अर्थ में व्यक्त हुआ है यदि कोई व्यक्ति पूर्ण कृष्णभावनामृत में रत है, अर्थात् भगवान की भक्ति करता है, तो यह समझना चाहिए कि उसने सारा वैदिक ज्ञान समझ लिया है। वैष्णव परंपरा में कहा जाता है कि यदि कोई कृष्ण-भक्ति में लगा रहता है, तो उसे भगवान को जानने के लिए किसी अन्य आध्यात्मिक विधि की आवश्यकता नहीं रहती। वह ज्ञान की समस्त प्रारंभिक विधियों को पार कर चुका होता है। लेकिन यदि कोई लाखों जन्मों तक चिन्तन करने पर भी इस लक्ष्य पर नहीं पहुंच पाता कि श्रीकृष्ण ही भगवान हैं और उनकी ही शरण ग्रहण करनी चाहिए, तो उसका अनेक जन्मों का चिन्तन व्यर्थ जाता है।

# न्यायपालिका को अपने अधीन करना चाहती है सरकार?



सनत जैन

सर्वोच्च न्यायालय में हरियाणा सरकार द्वारा एक याचिका दायर की गई थी। जिसमें हरियाणा सरकार ने यह मांग की थी, कि सिविल जजों की नियुक्ति पीएससी के माध्यम से हरियाणा सरकार कराए। इसमें न्यायपालिका का कोई हस्तक्षेप ना हो। यह याचिका सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के लिए आई। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति पारदीवाला की खंडपीठ के समक्ष इसकी सुनवाई हुई, और इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार के बीच में हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के जजों की नियुक्ति को लेकर पिछले कई वर्षों से मतभेद देखने को मिल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा जिन नाम की अनुशंसा की जाती है। उसके अनुसार सरकार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जजों की नियुक्ति ना कर अनुशंसा को रोक लेती है। जिसके कारण कई बार सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच में तनातनी देखने को मिली है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका को पूरी तरह से स्वतंत्र रखा गया है। विधायिका और कार्यपालिका के निर्णय की समीक्षा करने का अधिकार न्यायपालिका को दिया गया है। संविधान के मूलभूत सिद्धांतों के अनुसार विधायिका को कानून बनाने की शक्तियां दी गई है। कार्यपालिका को कानून और नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी संविधान ने सौंपी है। कार्यपालिका और विधायिका के कामों और कानून के संबंध में न्यायपालिका के निर्णय को सर्वोच्चता देने का काम संविधान ने किया है। पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार और न्यायपालिका के बीच में न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर टकराव देखने को मिल रहा है। कॉलेजियम की अनुशंसाओं को कई महीने तक सरकार रोक कर रखती है।

जबकि वर्तमान में नियम है, कि यदि सरकार को कॉलेजियम की अनुशंसा पसंद नहीं है, तो वह अपनी आपत्ति के साथ सर्वोच्च न्यायालय को वापस भेजेगा। सर्वोच्च न्यायालय उस आपत्ति पर विचार करके पुनः अनुशंसा करेगी। उस पर तुरंत सरकार को आदेश पारित करने का प्रावधान है। पिछले कुछ माह में कई ऐसे मामले आए हैं। जब सुप्रीम कोर्ट के आदेशों और अनुशंसा को केन्द्र सरकार ने पूरी तरह से नजर अंदाज कर दिया। अब यह मामला केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के बीच से निकलकर राज्य सरकारों तक पहुंच रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की एक हिसाब से अवहेलना करते हुए, महाराष्ट्र विधानसभा के विधानसभा अध्यक्ष ने अभी तक दल बदल करने वाले विधायकों के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया। चार माह बाद सुनवाई शुरू करने की बात, तब शुरू हुई जब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। इसी तरह हरियाणा सरकार जजों की नियुक्ति में न्यायपालिका का हस्तक्षेप नहीं चाहती है। महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से यह भी कहा है, कि विधानसभा अध्यक्ष का निर्णय न्यायपालिका के अधीन नहीं है।

विधानसभा अध्यक्ष जो भी निर्णय देंगे, वह सर्वोच्च होगा। न्यायपालिका को जिस तरह से केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से समय-समय पर चुनौती मिल रही है। हाईकोर्ट और सुप्रीमकोर्ट के आदेशों और निदेशों का पालन नहीं हो रहा है।


हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को सरकार द्वारा विवादित बनाया जा रहा है। यह स्थिति न्यायपालिका को कमजोर कर रही है। न्याय यदि समय पर नहीं होता है, तो वह एक तरीके से अन्याय ही माना जाता है। सतय पर न्याय नहीं होने से भ्रष्टाचार और अनैतिकता ही बढ़ती है। यही अनैतिक्ता महाराष्ट्र में होते हुए दिख रही है। राज्य सरकारें भी अब केन्द्र सरकार के रास्ते पर चल पडी हैं। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार संविधान में तीनों के अधिकार बिल्कुल अलग-अलग हैं। न्यायपालिका की सर्वोच्चता संविधान के अंतर्गत है। वह केंद्र या राज्य सरकारों के अधीन काम नहीं करती है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को मनाना सरकारों की बाध्यता है। यदि सरकार उनके आदेशों को नहीं मानती है। तो न्यायालयों को सख्त कार्यवाही करनी चाहिए। न्यायपालिका स्पष्ट निर्णय नहीं होते हैं। जिसके कारण न्याय पालिका की साख दिनों-दिन घटती जा रही है। न्यायपालिका को भी अपने आदेश में समय सीमा स्पष्ट रूप से अपने आदेशों में करनी चाहिए। विधायिका और कार्यपालिका यदि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करते हैं। ऐसी स्थिति में आवमानना की कार्रवाई करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के आदेश हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट को देना होंगे। केन्द्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपने अधीन लाने का प्रयास कर रही है। जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर में केन्द्र सरकार, न्यायपालिका का हस्तक्षेप नहीं चाहती है। जजों की नियुक्ति केन्द्र सरकार स्वयं करना चाहती है।

इसी तरह चुनाव आयोग का दर्जा घटाकर केन्द्रीय सचिव के समकक्ष लाकर तथा नियुक्ति स्वयं करके चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सरकार बाधित करने कानून बनाने जा रही है। यदि सरकार यह करने में सफल हो गई। इस स्थिति में लोकतंत्र के स्थान पर राजतंत्र स्थापित होने में देर नहीं लगेगी। वर्तमान स्थिति में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था में न्यायपालिका और चुनाव आयोग का जो स्थान था। वह धीरे-धीरे स्वयं समाप्त हो जाएगा। न्यायपालिका और चुनाव आयोग की शक्तियां भी सरकार के अधीन हो जाएंगी, ऐसा प्रतीत होने लगा है।

# मुद्दाः अदालत की चिंता का निकले हल



रजनीश कपूर



ऐसी वाणी बोलिए, मन का आपा खोये।
औरन को शीतल करे, आपहुं शीतल होए॥

कबीर दास जी का यह दोहा हमें बचपन से ही सिखाता आया है कि चाहे कुछ भी हो हमें ऐसी भाषा बोलनी चाहिए जो सुनने वाले के मन को आनंदित करे। परंतु क्या हमारे द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि इसका अनुसरण कर रहे हैं? या सत्ता के अहंकार में आपा खो रहे हैं। भारत के नये संसद भवन के पहले सत्र में जो हुआ, नई संसद के पहले सत्र में ऐसा होना देश के लोकतंत्र के लिए बहुत शर्मनाक है।

ऐसा नहीं है कि संसद या विधानसभा में हंगामा पहली बार हुआ है कि जब सदन की गरिमा को वहां बैठे नेताओं ने तार-तार किया। ऐसा भी नहीं है कि संसद में ऐसी असभ्यता केवल भारत में ही होती है। कई देशों में आजकल ऐसे दृश्य दिखाई देने लगे हैं। हम इसकी केवल निंदा करके छोड़ देते हैं। ऐसी घटनाओं से कोई भी सबक नहीं लेता। जब भी कभी, किसी भी दल के नेता द्वारा, सदन में या सदन के बाहर असभ्यता का परिचय दिया जाता है, तो उसके आचरण से न सिर्फ उस नेता के पारिवारिक संस्कार, बल्कि उसके दल के संस्कारों का भी परिचय मिलता है। उनकी छवि पर इसका बुरा असर पड़ता है, अगर उन्हें अपनी छवि की चिंता हो तो। कोई मशहूर व्यक्ति न सिर्फ राजनीति में, बल्कि किसी भी अन्य क्षेत्र में क्यों न हो, अगर शांत और शालीन स्वभाव के हैं, तो उनका जिक्र सम्मान के साथ ही होता है। वहीं जब भी कभी कोई नेता अपने बुरे व्यवहार या कटु वचनों के कारण चर्चा का विषय बनते हैं, तो वे इस बात से बेखबर होते हैं कि उनके ऐसे व्यवहार से उनके वोटरों पर कितना विपरीत असर पड़ता है। पर आजकल तो वोटर भी ऐसे होते जा रहे हैं, जो अनेक अन्य कारणों से ऐसे ही नेताओं को पसंद करते हैं। राजनैतिक दलों की बात करें तो सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें भी अधिक वोट दिलाने वाली ऐसी दुधारू गायों की जरूरत पड़ती रहती है, जो हंगामा खड़ा करके ध्यान आकर्षित करें। असभ्य नेता जब सदन में होते हैं तो वो भूल जाते हैं कि उनके विपक्ष में बैठे नेता भी जनप्रतिनिधि हैं। वो भी उतने ही सम्मान के हकदार हैं, जितने कि वे स्वयं को मानते हैं। परंतु सत्ता के नशे में चूर कुछ नेता, चाहे किसी भी दल के क्यों न हों, अपने विपक्षी नेताओं को आजकल आम जनता की तरह समझने लगे हैं। नेताओं द्वारा असभ्य व्यवहार किसी भी तरह का हो सकता है। फिर वो चाहे किसी धर्म विशेष के प्रति हो या किसी जाति या वर्ग के प्रति हो, ऐसे असभ्य नेता कोई मौका नहीं छोड़ते। ऐसे असभ्य नेता, यदि वे सत्तारूढ़ दल के हों और उन्हें अपने दल का समर्थन प्राप्त हो, किसी की भी परवाह नहीं करते। ऐसे में कोई आम जन यदि किसी सभा में इनसे इनकी असभ्यता पर सवाल भी उठाए तो वे घमंड के चलते उनके सवाल का उत्तर नहीं देते। यदि कोई पत्रकार इनसे सवाल पूछे तो उसे इस बात की गारंटी नहीं होती कि ऐसे नेताओं से सवाल पूछने पर उसकी नौकरी बरकरार रहेगी या जाएगी। इसलिए ऐसे असभ्य नेता हमारे समाज में बेखौफ घूमते हैं। यदि किसी एक दल के नेता को किसी अन्य दल के नेता के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ लोक सभा या राज्य सभा या विधानसभा के स्पीकर कार्रवाई कर सकते हैं। अन्यथा उन पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती हैङ्क अगर उन्होंने ऐसा व्यवहार सदन के बाहर किया हो। अदालत ऐसे नेता को दोषी मानती है तो उसे सजा भी सुना सकती है। परंतु जब भी कभी सत्ता पक्ष के किसी नेता द्वारा ऐसी गलती होती है, तो विपक्षी दल के नेता की गलती पर कड़ी से कड़ी सजा की मांग करने वाले सत्तारूढ़ दल अपने ही दल के नेता को एक नोटिस दिलवा कर औपचारिकता ही करवाता है।

सरकारें आती-जाती रहती हैं पर यह मानसिकता कायम रहती है। मामला धर्म विशेष के लोगों पर हमले का हो या किसी जाति या वर्ग के लोगों पर हमले का, ऐसे हमले रुकने चाहिए। भारत जैसे देश के लिए कहा जाता है, 'चार कोस पर पानी बदले आठ कोस पर वाणी' यानी हमारे देश में विविधताएं प्राचीन युग से चली आ रहा हैं। भारत में अनेक धर्मों, जातियों, विचारों, संस्कृतियों और मान्यताओं से संबंधित विभिन्नताएं हैं। किन्तु उनके मेल से एक खूबसूरत देश का जन्म हुआ, जिसे हम भारत कहते हैं। भारत की ये विविधताएं एकता में बदल गई हैं, जिनने इस देश को सुंदर और सबल राष्ट्र बना दिया है। शायद इसीलिए भारत के लिए कहा गया है, 'अनेकता में एकताः मेरे देश की विशेषता'। इसलिए हमें सभी धर्मों, विचारधाराओं और संस्कृतियों का सम्मान करना चाहिए। हमारे द्वारा चुने गए नेता, चाहे किसी भी दल के क्यों न हों, चुनाव जीतते ही यदि अपनी असभ्यता का परिचय देने लग जाएं और उनके दल द्वारा उन्हें किसी भी तरह दंड न दिया जाए तो अगली बार जब भी ऐसे नेता जनता के सामने याचक बन कर आएं तो वोटरों को ऐसे नेताओं का बहिष्कार कर उन्हें आईना जरूर दिखाना चाहिए। ऐसा करने से असभ्य नेताओं में मजबूत संदेश जाएगा और वे ऐसी गलती करने से पहले कई बार सोचेंगे। तब शायद उन्हें कबीरदास जी का दोहा याद आएगा।

# बदलते जलवायु परिदृश्य में अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन हेतु अभिनव दृष्टिकोण“ विषयक संगोष्ठी सम्पन्न

खबर दृष्टिकोण

अंतर्राष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023 के दृष्टिगत उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ एवं इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा संयुक्त रूप से “बदलते जलवायु परिदृश्य में अन्न (मिलेट्स) के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन हेतु अभिनव दृष्टिकोण” विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ के केंद्रीय सभागार में किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. ए. के. सिंह, कुलपति, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय विश्वविद्यालय, झाँसी द्वारा इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व के वर्षों में मोटा अनाज मिश्रित फसल के रूप में लिया जाता था किंतु धीरे–धीरे धान तथा गेहूं ने इसका स्थान ले लिया। वर्तमान में सरकार द्वारा मोटा अनाज के उत्पादन तथा इसकी जागरूकता के लिये इतने प्रयास किये जा रहे है जितना कि हरित क्रांति में भी नहीं किया गया था। मोटा अनाज के विलुप्त होने का एक कारण यह भी है कि धान तथा गेहूं का उत्पादन इससे अधिक था इसलिये लोगों ने इस पर कम ध्यान दिया तथा धीरे–धीरे विलुप्तता की कगार पर पहुंच गये। मोटे अनाज का प्रसंस्करण कठिन होने के कारण तथा उत्पादकता में कमी होने के कारण लोगों ने इसे कम महत्व दिया। वर्तमान में मोटे अनाज की उत्पादकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा तथा कहीं कहीं पर रागी का उत्पादन होता है। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज उत्पादों का शहरी क्षेत्रों में ही प्रयोग किये जाने का प्रचलन है। मोटा अनाज को शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रयोग तथा प्रसंस्करण हेतु प्रोत्साहित किया जाना चाहिये, जिसके लिये जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने चाहिये। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज के उत्पाद केवल स्नैक्स में न प्रयोग होकर मुख्य भोजन में सम्मिलित किये जाने चाहिये इसके लिये सामूहिक रूप से कार्य किये जाने कर आवश्यकता है। उन्होंने मोटा अनाज को पाठ्यक्रम में सम्मिलित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. जावेद मुसर्रत, कुलपति, इंटीग्रल विश्वविद्यालय, लखनऊ ने अपने उद्बोधन में कहा कि मोटा अनाज जलवायु रेसीलियंट, शून्य कार्बन उत्सर्जन तथा इनमें कम कम रोग व्याधियां लगने के साथ ही पोषक तत्वों से परिपूर्ण तथा निम्न ग्लाइसेमिक इंडेक्स होने के कारण स्वास्थ्य के लिये अत्यंत लाभकारी है। अतः इनको खाद्य श्रृखंला में लाये जाने की आवश्यकता है। इसके लिये सभी संस्थाओं तथा वैज्ञानिकों को सामूहिक रूप से कार्य करना होगा।डॉ. संजय सिंह, महानिदेशक, उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद, लखनऊ ने कहा कि यह संगोष्ठी अपर मुख्य सचिव, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उत्तर प्रदेश डा. देवेश चतुर्वेदी की प्रेरणा तथा निर्देशों के क्रम में आयोजित की गई है, उनके द्वारा प्रदेश में मोटा अनाज के उत्पादन के लिये अथक प्रयास किये जा रहे हैं। महानिदेशक, उपकार ने मोटा अनाज के उत्पादन के संबंध में किसानों की स्थिति, दायरे, चुनौतियों और अवसरों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सबसे अधिक मोटे




अनाज का क्षेत्रफल है, उसके बाद आंध्र प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में मोटा अनाज की खेती होती है। उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से ज्वार, बाजरा, सावां कोंदो, रागी आदि फसलें ली जा रही है। यह फसलें जलवायु परिवर्तन के अनुकूल, कम पानी, कम पोषक तत्व तथा किसी भी प्रकार की भूमि में सफलतापूर्वक उगाई जा सकती हैं। प्रदेश में सरकार द्वारा कृषि उत्पादन संगठनों (एफपीओ) को मोटा अनाज के उत्पादन तथा इसके प्रसंस्करण तथा उत्पाद बनाने हेतु बढ़ावा दिया जा रहा है।

एस.डब्ल्यू. अख्तर, चांसलर, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने कहा कि हमें मोटा अनाज को अपने भोजन में सम्मिलित किये जाने की नितांत आवश्यकता है। डा. आर. के. सिंह, पूर्व निदेशक शोध, आचार्य नरेन्द्र देव षि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, अयोध्या ने कहा कि हरित क्रांति से देश में अन्न उत्पादन तो बढ़ा तथा खाद्य सुरक्षा भी मिली किंतु उसका नकरात्मक पहलू यह रहा कि जैव विविधता कम हुई तथा मोटे अनाज के क्षेत्रफल में लगातार कमी हुई तथा धीरे धीरे यह विलुप्तता की कगार पर पहुंच गया। पुनः हमारे प्रधानमंत्री जी इसे प्रदेश में मोटे अनाज के उत्पादन व उत्पादकता बढ़ाने के लिये कटिबद्ध है तथा उन्हीं के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है। कार्यक्रम में भाग ले रहे डा. पी.एस. ओझा, राज्य सलाहकार, एफपीओ प्रकोष्ठ, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश सरकार अन्न उत्पादन हेतु कदम कदम पर किसानों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि अन्न को देव अन्न भी कहा जाता है इसके लिये प्रदेश सरकार द्वारा पॉलिसी बनाई गई है, जिसमें कृषकों को अन्न के उत्पादन हेतु सुविधायें प्रदान की गई हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अन्न के उत्पादन, उत्पादकता, शोध तथा प्रोत्साहन हेतु धन आवंटित किया गया है। युवकों को उद्यमी बनाने के लिये सहयोग दिया जा रहा है। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र–प्रथम में डा. वी. वेंकटेश भट्ट, प्रधान वैज्ञानिक, भारतीय मिलेट्स अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद द्वारा भारत और उत्तर प्रदेश में मोटे अनाज के अनुसंधान और विकास के अवलोकन पर अपना व्याख्यान दिया। आर. के. सिंह, अपर कृषि निदेशक (प्रसार), कृषि निदेशालय, लखनऊ द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ”मोटे अनाज के बढ़ावा देने हेतु रणनीति” विषयक व्याख्यान दिया गया। डा. कमालुद्दीन, प्रोफसर, बांदा कृषि एवं प्रौ. वि. वि., बांदा द्वारा उत्तर प्रदेश के विशेष संदर्भ में भारत में पोषक तत्व–अनाज की समस्याओं और संभावनाओं पर चर्चा की। ड. बी. वी.एस. सिसौदिया, पूर्व प्रोफेसर, एएनडीयूएटी, अयोध्या ने उत्तर प्रदेश में बाजरा की स्थिति और संभावनाओं पर चर्चा की। डा. कीर्ति मणि त्रिपाठी, वैज्ञानिक, एसवीपीयूएटी, केवीके बुलंदशहर ने चिकित्सीय दृष्टि से अन्य अनाजों की तुलना में मोटे अनाज के महत्व पर प्रकाश डाला।संगोष्ठी के द्वितीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डा. बिजेन्द्र सिंह, कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा की गई, जिसमें डा. अतुल कुमार सिंह, वैज्ञानिक–डी और प्रमुख प्रभारी, राज्य कृषि मौसम विज्ञान केंद्र, आईएमडी, लखनऊ ने यूपी में बाजरा उत्पादन पर बदलते जलवायु परिश्य की भूमिका पर प्रकाश डाला। डा. रामवंत गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, डीडीयू वि•श्वविद्यालय, गोरखपुर बाजरे की उपज बढ़ाने के लिए प्रकाश संश्लेषक और कार्बन डाइअक्साइड गतिविधियों पर चर्चा की जबकि डा. श्वेता, सहायक प्रोफेसर, सीएसएयूएटी, कानपुर ने कुपोषण दूर करने में बाजरे की स्थिति, क्षमता एवं प्रभाव पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के तृतीय तकनीकी सत्र में मिलेट्स की पैकेजिंग, मिलेट्स के उत्पादन एवं मूल्य संवर्धन में एफपीओ की भूमिका पर प्रकाश डाला गया साथ ही विभिन्न एफपीओ द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये गये। कार्यशाला में विस्तृत विचार–विमर्श उपरांत प्रमुख संस्तुतियां दी गई। जिसमें मिलेट्स की अल्पकालीन, अधिक उत्पादकता एवं कीट एवं व्याधि अवरोधी प्रजातियों का चियन विकास किया जाय। साथ ही साथ बायोफोर्टिफाइड विकसित प्रजातियों को क्षेत्रफल विस्तार में सम्मिलित किया जाय। मिलेट्स के उपयोग को पीडीएस, मिड डे मील में समाहित करने के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों की भोजन प्रणाली में एक आवश्यक घटक के रूप में समाहित किया जाय। मिलेट्स के गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन हेतु सीड हब विकसित किये जाय तथा ब्रीडर सीड उत्पादन को बढ़ावा दिया जाय। विभिन्न मिलेट्स पर क्षेत्र विशेष की उपयुक्तता हेतु अनुसंधान को प्रोत्साहित किया जाय। मिलेट्स के मूल्य सवंर्धित उत्पादों के दीर्घकालीन भण्डारण की तकनीकों का मानकीकरण सुनिश्चित किया जाय। राष्ट्रीय संगोष्ठी के साथ साथ मिलेट्स प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों के एफपीओ, कृषि विज्ञान केन्द्रों के साथ कृषि विश्वविद्यालय, अयोध्या के सामुदायिक विज्ञान संकाय तथा इंटीग्रल विश्वविद्यालय के कृषि विभाग एवं बायोइंजीनियरिंग विभाग ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त शोध पत्रों के मूल्यांकन हेतु एक तकनीकी सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न संस्थानों से प्राप्त शोध पत्रों का परीक्षण कर उन्हें भी सम्मानित किया गया।

## युवतियों पर कसी फब्तियां, फेंके केले के छिलके

बहराइच (ब्यूरो)। शोहदे राह चलते युवतियों के साथ छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आ रहे है। कोतवाली नगर के बशीरगंज क्षेत्र में मंगलवार रात गणेश पूजन पंडाल में प्रसाद वितरण के दौरान कुछ शोहदों ने युवतियों पर फब्तियां कसी। उन पर केले के छिलके फेंके। इसका विरोध करने पर शोहदों ने मारपीट की। इसमें एक युवक घायल हो गया। लोगों के पहुंचने पर धमकी देते हुए शोहदे फरार हो गए। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बशीरगंज चौकी के गुदड़ी मोहल्ला के ज्वाला देवी मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा रखी गई है। मंगलवार की रात आरती के बाद प्रसाद वितरण हो रहा था। वहां मौजूद कुछ शोहदों ने युवतियों पर फब्तियां कसी। प्रसाद वितरण कर रहे कुनाल कश्यप ने इसका विरोध किया तो शोहदों ने मारपीट शुरू कर दी। कुनाल की मां चंद्रावती ने बताया कि बेटे को लाठियों को पिटता देख वे और समिति के लोग दौड़े। जिस पर शोहदे पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# हाइटेक नर्सरी से समूहों की आमदनी में होगा इजाफा

## कृषि और औद्यानिक फसलों को लगेंगे नये पंख–केशव प्रसाद मौर्य

कृषि को समय के साथ टेक्नोलॉजी और नए तरीकों से जोड़कर किसानो को समृद्ध बनाने व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की आमदनी में इजाफा करने के उद्देश्य से मनरेगा के अभिसरण से प्रदेश में प्रत्येक जिले में दो हाइटेक नर्सरी बनाये जाने का कार्य उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से कृषि और औद्यानिक फसलों को नये पंख लगेंगे। इसमें विशेष तकनीक का प्रयोग करके विभिन्न प्रजातियां के पौधों की नर्सरी तैयार की जा रही है। कहा कि सरकार की मंशा है,और इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध भी है कि प्रदेश का हर किसान समृद्ध बने और बदलते समय के साथ किसान हाईटेक भी बन सके। जिसको लेकर किसानो को कई ऐसी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है ,जिससे किसानो का फायदा भी हो और उसको हाईटेक भी बनाया जा सके। हाईटेक नर्सरी के द्वारा किसानों को खेती के साथ–साथ बागवानी के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य है की उन्नत नर्सरी से किसानों की आय में वृद्धि करना, उन्नत किस्म के पौधों को बढ़ावा देना,बागवानी क्षेत्र में रोजगार सृजन करना है।प्रत्येक नर्सरी मे 15 लाख पौधे तैयार किये जाने का लक्ष्य है। यही पौधे किसान ले सकेंगे, जिससे उनकी फसलों का उत्पादन बढ़ेगा और आय में वृद्धि होगी। हाईटेक नर्सरी की देख–रेख का जिम्मा स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौंपा जा रहा है । इससे महिलाओं को भी आमदनी का जरिया मिल रहा है।हाईटेक नर्सरी योजना से किसानों को नयी टेक्नोलॉजी से तैयार पौधों को प्राप्त होने अवसर मिल रहा है ,जो आसानी से बाजारों में उपलब्ध नहीं हो पाते और उनके दाम भी अधिक होते हैं। किसान नर्सरी से उत्तम पौध प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनकी पैदावार अच्छी होगी और आय में वृद्धि होगी। वहीं, सरकार की कोशिश है किसानों के लिए नर्सरी में हाईटेक टेक्नॉलाजी के द्वारा हर सीजन की सब्जियों की पौध तैयार करने का प्लान है।इस योजना से किसानों को तो लाभ मिलेगा ही साथ ही इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और रोजगार के अवसर भी प्रदेश में बढ़ेंगे। ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश मे 150 हाईटेक नर्सरी के निर्माण की कार्यवाही उद्यान एवं मनरेगा कन्वर्जेंस के अंतर्गत की जा रही है, जिसके सापेक्ष अभी तक कुल 125 हाईटेक नर्सरी की स्वीकृति जनपद स्तर पर की जा चुकी है। जिसमें 27 साइटें, जो कि 22 जनपदों में है, पर कार्य प्रारंभ किया जा चुका है इसके अतिरिक्त दो हाइटेक नर्सरियों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो कि बुलंदशहर में स्थापित हैं।निर्देश दिए गए हैं कि हाइटेक नर्सरी का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप इजराइली तकनीक के अनुसार ही किया जाय, इसके लिए सम्बंधित अधिकारी कार्यो की लगातार निगरानी करते रहे।योजनान्तर्गत निर्मित हाइटेक नर्सरी का रख–रखाव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के क्लस्टर लेविल फेडरेशन के माध्यम से किया जायेगा। महात्मा गाँधी नरेगा योजना एवं उद्यान विभाग के तकनीकी सहयोग व मार्ग–दर्शन में हाइटेक नर्सरी का कार्य हो रहा है। योजनान्तर्गत स्थानीय भौगोलिक परिस्थितियों एवं आस पास के क्षेत्रों में मांग के अनुसार नर्सरी के निर्माण करने के निर्देश दिए गए हैं।योजनान्तर्गत निर्मित हाइटेक नर्सरी से उत्पादित पौधों का विक्रय स्थानीय स्तर पर इच्छुक कृषकों, क्षेत्रीय स्तर पर कृषक उत्पादन संगठनों (थ्च्व्) , राज्य स्तर पर अन्य प्राइवेट नर्सरियों, राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न राज्य सरकारों के वृक्षारोपण हेतु तथा अन्य राज्यों के इच्छुक कृषक व् कृषक संगठनों को किया जायेगा सउप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिए हैं कि हाईटेक नर्सरी में स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

# मेदांता अस्पताल की नर्स ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की, परिजनों ने दहेज के परेशान करने का लगाया आरोप

### 18 महीने पहले हुआ था विवाह गौतम पल्ली कोतवाली, पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के बरौली खलीलाबाद, पीजीआई लखनऊ में पति के साथ किराए पर रहने वाली सपना यादव ने शुक्रवार को अपने कमरे में पंखे हुक से साड़ी का फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली।सपना यादव मेदांता अस्पताल में नर्स के पद पर कार्यरत थी। मृतका के भाई की सूचना पर पहुंची पीजीआई कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया। विनोद यादव,पत्नी अनीता यादव,बेटी सपना यादव,खुशी यादव,और बेटे आकाश यादव के साथ पिपराघाट,थाना गौतम पल्ली लखनऊ में रहते हैं।विनोद यादव ने अपनी बेटी सपना का विवाह 18 महीने पहले आशीष यादव मूल निवासी अलीगंज,फरुक्खाबाद, हाल पता चरण भट्टा रोड ,पीजीआई लखनऊ से बड़ी धूमधाम से किया था।आरोप है कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।जिसके चलते,गौतम पल्ली कोतवाली पुलिस और पीजीआई पुलिस को सूचना दी थी, लेकिन पुलिस ने



कोई कार्रवाई नहीं की।अशीष यादव लुलु मॉल में काम करता है।पिछले कुछ दिनों से किराए पर सेक्टर 12, बरौली खलीलाबाद में पत्नी के साथ रह रहा था। लड़ाई झगड़े के बाद सपना 2 दिन से मायके में थी।शुक्रवार 1बजे वह मेदांता अस्पताल ड्यूटी जाने के लिए अपनी स्कूटी से निकली थी।जब काफी देर तक फोन नहीं आया तो भाई आकाश ने सपना को फोन किया तो जवाब नहीं मिला। अस्पताल फोन किया तो जवाब मिला कि वह ड्यूटी पर नहीं है।आकाश ने अपने दोस्त तेलीबाग निवासी अनुज को फोन किया, और बरौली खलीलाबाद जाकर देखने को कहा करीब पौने तीन बजे अनुज पहुंचा,थोड़ी देर में आकाश भी पहुंच गया। दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई जबाव नहीं मिला। आकाश ने पुलिस को सूचना दी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो सपना का शव फंदे से लटका हुआ था।मृतका सपना के भाई आकाश ने पति– आशीष यादव, ससुर रविदेव सिंह, सास मालती देवी, जेठ अभिषेक यादव, जेठानी किरण यादव, विवेक , अल्का पत्नी विवेक तथा आल्का का देवर विपुल शर्मा (जो पुलिस में है।) एवं अल्का की देवरानी राधिका (उ० प्र० पुलिस मे है।) जिसका पता निवासी – 590–पी०ध् वाई पी. एल. एल. जी. – 029 यमुना जी पुरम चरन भट्ठा रोड पी.जी.आई. लखनऊ। पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।आरोपियों पर समुचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अब किसी भी सी0एच0ओ0 की ड्यूटी अन्य कार्यक्रमों में नहीं लगाई जायेगी मिशन निदेशक, एन0एच0एम0,यू0पी0

### इस निर्देश के साथ सभी जिलाधिकारियों को जारी किया गया पत्र!

### आयुष्मान भव अभियान के संचालन में महत्वपूर्ण हिस्सा हैं– सी0एच0ओ0

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। प्रदेश के सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों में कार्यरत किसी भी कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की ड्यूटी किसी अन्य कार्यक्रम में न लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी जिलाधिकारियोंअध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समितियों को मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश डा0 पिंकी जोवल, आई0ए0एस0 द्वारा पत्र भेजकर निर्देशित किया गया है। इस आशय से दिनांक 26.09.2023 को पत्र प्रेषित कर दिया गया है।आयुष्मान भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसमुदाय को घर के समीप गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समस्त उपकेन्द्रों प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रोंएवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर के रूप में सुदृढ़ीकृत किया जा रहा है। इन उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों पर कार्यरत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर द्वारा समुदाय को नियमित रूप से मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, संचारी एवं गैर संचारी रोगोंसे सम्बन्धित स्वास्थ्य सेवाएं एवंऔषधियां व आवश्यक जाँचें एवं टेलीकन्सल्टेशन आदि सेवाएं प्रदान की जा रही है। वर्तमान में जनसमुदाय में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं से संतृप्त करने के उद्देश्य से “आयुष्मान भवः” अभियान का संचालन किया जा रहा है, जो कि सरकार की शीर्ष प्राथमिकता प्राप्त कार्यक्रम है। इसके अन्तर्गत कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा नियमित रूप से दी जाने वाली सेवाओं के साथ ही अन्य गतिविधियां जैसे–हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर “आयुष्मान मेले” का आयोजन करना, एन0सी0डी0 स्क्रीनिंग करना, ।ठभ्। आई0डी0 बनाना, टेलीकन्सल्टेशन करना आदि कार्य किया जाना है। राज्य स्तर से बार–बार निर्देशित किया गया है, उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टर पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की उपस्थिति नियमित रहे तथा उनकी ड्यूटी हेल्थ एण्ड वेलनेस केन्द्रों के अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों में न लगायी जाय। किन्तु कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की ड्यूटी फिर भी अन्य कार्यक्रमों में लगायी जा रही है, ऐसा करने से हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के माध्यम से समुदाय को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही है, जो कि शासन की मंशा के विपरीत है। अतः प्रेषित पत्र के माध्यम से यह अपेक्षा की गयी है कि कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स द्वारा निर्धारित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर रहते हुए समुदाय को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें एवं इसके अतिरिक्त इनकी ड्यूटी किसी भी अन्य कार्यक्रम में न लगायी जाय।

## आईएएस विशाल कुमार ने बचाई घायल की जान

अयोध्या (ब्यूरो)। थाना कैंट अंतर्गत सहादतगंज ओवरब्रिज के पास हुए एक सड़क हादसे में घायल एक युवक तड़प रहा था। लोग तमाशबीन बने हुए थे। इस दौरान एसडीएम आईएएस विशाल कुमार वहां से गुजर रहे थे। उन्होंने सरकारी वाहन रुकवाकर घायल युवक को ई–रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया। एसडीएम खुद भी जिला अस्पताल पहुंचे और चिकित्सकों को बुलाकर युवक का इलाज शुरू करवाया। बाद में उसके परिवारीजनों ने उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। आईएएस विशाल कुमार ने लोगों से अपील की कि जब भी कोई सड़क हादसे में घायल हो तो कम से कम उसकी मदद के लिए लोग आगे आए व उसे तत्काल निकट के अस्पताल पहुंचाएं।

# पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा कवि सम्मलेन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में 14 सितम्बर से 29 सितम्बर तक मनाये जा रहे ‘हिंदी पखवाड़ा समारोह’ के समापन के अवसर पर शुक्रवार को मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार की अध्यक्षता में मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय के बहुद्देशीय हॉल में कवि सम्मेलन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के आरम्भ में अध्यक्ष मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार ने मुख्य अतिथि डॉ0 सुधाकर अदीब, पूर्व निदेशक, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान, लखनऊ की उपस्थिति में अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि बड़े हर्ष एवं गर्व के साथ कह सकता हूँ कि इस ‘हिंदी पखवाड़ा’ के आयोजन में मण्डल के सभी स्टेशनों, लोको शेड, कोचिंग डिपों, रेलवे कार्यालयों में रेलकर्मियों ने भाग लिया। मंडल पर ऐसे आयोजनों से हिंदी के प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सकारात्मक माहौल बनता है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मंडल पर हिंदी का व्यापक प्रचार–प्रसार किया गया, जिससे निःसंदेह अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता और बढ़ी है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 सुधाकर अदीब ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश के लिए भाषा बहुत बलवान होती है, भारत के अतिरिक्त विदेशों में हिन्दी सम्पर्क भाषा के रूप में व्यापक प्रभाव डाल रही है। इस अवसर पर सुनील कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें निशा सिंह ‘नवल’ ने अपनी कविता ”ईमान बिक गया, कही किरदार बिक गया, राजेश कुमार ने ”छुक–छुक करती चलती रेल.’ पंकज ‘प्रसन्न’ ने अपनी अपनी , कविताओं की प्रस्तुतियॉ प्रदान की तथा अन्त में सुनील कुमार श्रीवास्तव ने अपनी कविता में काव्य की प्रस्तुतियॉ दी। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर सत्यदेव पाठक ने अपनी दो कविताओं जिसका शीषर्क ‘पिताजी की कही बातें’ एवं ‘फिर क्या नामुमकिन है’ का काव्य पाठ किया इस अवसर पर ‘हिन्दी पखवाड़ा’ में आयोजित ”हिन्दी वाक् प्रतियोगिता में गोपाल कृष्ण धवन को प्रथम पुरस्कार, विनय कुमार लोको पायलट को द्वितीय पुरस्कार एवं सम्पतराम मीना, मुख्य लोको निरीक्षक को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया।



# निगोहां में सीआईएसएफ जवानो ने अमृत कलश लेकर मिट्टी संग्रह

खबर दृष्टिकोण

मोहनलालगंज। निगोहां गांव में शुक्रवार को सीआईएसएफ जवानो द्वारा मेरी माटी–मेराध देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के तहत जवानो ने प्रधान अभय दीक्षित समेत स्कूली बच्चो व शिक्षको के साथ पूरे गांव में अमृत कलश लेकर भ्रमण किया।हाथो में तिरंगा झंडा थामें स्कूली बच्चो के साथ घर–घर जाकर अमृत कलश में मिट्टी संग्रह करनेध का कार्य किया।जवानो ने शहीद जवान अमरेन्द्र बहादुर सिंह के घर पहुंचकर उनके पिता जंग बहादुर सिहं से भी अमृत कलश में मिट्टी ली।इस मौके पर ग्रामीणो ने श्रद्वा के साथ अमृत कलश में एक–एक चुटकी मिट्टी डाली।इस मौके ग्रामीणो नेध भारत माता की जय समेत शहीदो की याद में खूब जयकारे लगायें।जवानो व ग्रामीणो ने मुट्ठी भर मिट्टी लेकर पंचप्राण की शपथ भी ली।इस मौके पर पूर्व प्रधान दीपा दीक्षित,प्रधानाध्यापिका ममता वर्मा,अमित सिंह समेत काफी संख्या में जवान व स्कूली बच्चो समेत ग्रामीण मौजूद रहें।





## बदमाशो ने महिला की चेन छीनी,भगाने पर बाइक में टक्कर मार कर गिराने के बाद पीटा,हालत गम्भीर

खबर दृष्टिकोण



मोहनलालगंज।नगराम थाना क्षेत्र के समेसी मजरा रसूलपुर गांव निवासी महिला निशा ने पुलिस से की गयी शिकायत में आरोप लगाते हुये बताया शुक्रवार की शाम वो अपने बुआ के बेटे करन निवासी पीजीआई के साथ बाइक से निगोहां इलाके में दवा लेने गयी थी,जहां से रात साढे सात बजे के करीब बाइक से वापस घर वापस आ रही थी,तभी नगराम के देवीखेड़ा जगंल के पास बाइक सवार दो बदमाश उसके गले में पहनी सोने की चेन छीनकर गलत नियत से बाइक समेत गिराने का प्रयास किया,किसी तरह मौके से बुआ के बेटे के साथ बाइक से वो भागी तो दोनो बदमाशो ने समेसी कस्बे में बाइक में टक्कर मारकर गिराने के बाद लकड़ी के पटरे से उसकी बुरी तरह पिटाई शुरू कर दी,भाई की चीख–पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीणो को आता देख दोनो बदमाशो मौके से भगाने लगे,जिसके बाद ग्रामीणो ने जगंल की तरफ भाग रहे दोनो बदमाशो को पकड़कर पुलिस को सूचना दी,जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची ओर दोनो को थाने ले गयी।सूचना के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल महिला निशा को इलाज के लिये सीएचसी लेकर गये,जहां मौजूद डाक्टर ने हालत गम्भीर देख इलाज के लिये ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।इंस्पेक्टर विनोद कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता महिला ने तहरीर दी है पूरे मामले की गहनता से जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी,प्रथम दृष्टया जांच में दोनो बाइके आपस में टकराने के बाद मारपीट होने की बात सामने आयी हैं।

# भट्ठा श्रमिक की हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव



महराजगंज (रायबरेली) (ब्यूरो)। कोतवाली क्षेत्र में एक भट्ठा श्रमिक की हत्या कर उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया। श्रमिक के शरीर के कई हिस्सों और प्राइवेट पार्ट में चोट के गहरे निशान थे। इससे आशंका जताई जा रही है कि उसकी बेरहमी से हत्या की गई। बावजूद इसके पुलिस घटना को सड़क हादसा बता रही थी। कार्रवाई की मांग को लेकर परिजन और ग्रामीणों ने मार्ग जाम कर दिया। पुलिस और लोगों के बीच जमकर नोकझोंक भी हुई। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर दो युवकों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के याकूबगंज मजरे सोथी गांव निवासी गंगाराम (24) पुत्र हरीराम पासी भट्ठे में मजदूरी करता था। ग्रामीण सुबह नित्य क्रिया के लिए निकले तो थुलवांसा चौकी से 100 मीटर दूर पर झाड़ियों में गंगाराम का शव देख दंग रह गए। जानकारी पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। गंगाराम के शरीर पर चोट के निशान थे। कोतवाल बालेंदु गौतम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान पुलिस आशंका जताने लगी कि सड़क हादसे में युवक की मौत हुई है। इससे परिजन व ग्रामीण आक्रोशित हो गए। लोगों ने रायबरेली–महराजगंज मार्ग जाम कर दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करना शुरू कर दी। मां शिवदुलारी ने बताया कि सबकुछ ठीकठाक था। उसके बेटे की हत्या की गई है। उसे इंसाफ चाहिए। इसी मांग पर एक घंटे तक विरोध प्रदर्शन होता रहा। बाद में प्रकरण में कार्रवाई करने का आश्वासन मिलने पर परिजन शांत हो गए। पुलिस ने याकूबगंज निवासी विनोद कुमार कोरी और खैरा निवासी मंसाराम के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

रात में मृतक गंगाराम घायलावस्था में सड़क के किनारे मिला था। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए थे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया था। इसके बाद परिजन उसे घर ले आए थे और रात में युवक की मौत हो गई। सवाल उठता है कि झाड़ियों तक युवक का शव कैसे पहुंच गया। बताया जा रहा है कि सीएचसी के चिकित्सक ने परिजनों से पुलिस को सूचना देने की बात कही थी। इस पर परिजनों ने कानूनी कार्रवाई न करने की बात कही थी। ऐसे में घटना को लेकर परिजनों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। पुलिस इसकी तफ्तीश भी कर रही है। युवक की मौत के मामले में दो लोगों पर हत्या का केस दर्ज करा दिया गया है। घटना की तहकीकात की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य निकलकर सामने आएंगे, उसी के तहत कार्रवाई होगी। पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाया जाएगा।

## बेहद खास होगा रामलला के अस्थायी मंदिर का दीपोत्सव

अयोध्या (ब्यूरो)। दीपोत्सव से ही रामलला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज हो जाएगा। श्रीराम के नए घर में आगमन की तैयारियां दीपोत्सव से ही नजर आने लगेंगी। रामलला के अस्थायी मंदिर का दीपोत्सव इस बार खास व ऐतिहासिक होगा। इस दौरान पूरी अयोध्या को रामायणकालीन दृश्यों से सजाया जाएगा। 12 से अधिक स्थानों पर सांस्कृतिक मंच सजेंगे। यह जानकारी प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने दी है। वे बुधवार रात एक होटल में अधिकारियों के साथ दीपोत्सव व प्राण–प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव से ही प्राण प्रतिष्ठा का उल्लास छलकने लगेगा। राम की पैड़ी समेत सरयू के घाटों समस्त प्राचीन कुंडों, मठ–मदिरों पर आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। राम की पैड़ी पर लेजर शो के जरिए रामकथा की प्रस्तुति होगी। प्रमुख सचिव ने कहा कि इस बार रामलला के अस्थाई मंदिर का आखिरी दीपोत्सव बेहद खास होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या के सभी मठ–मंदिरों को दीपोत्सव से पहले फसाड लाइट से सजाने का काम किया जा रहा है। इसमें प्राचीन इमारत, प्राचीन मठ– मंदिर प्रमुख है। दीपोत्सव के लिए अयोध्या को तैयार करने के लिए तमाम कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। जो प्राण प्रतिष्ठा तक दिखेगा। जिसमें प्रमुख रूप से लेजर शो,लाइट एंड साउंड और सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए रामनगरी में शाम को भी पर्यटकों के लिए आकर्षण उपलब्ध रहेगा। साथ ही भजन संध्या और आडिटोरियम पर भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन होगा। जो अनवरत प्राण प्रतिष्ठा तक चलेगा। इस बार दीपोत्सव पर निकलने वाली रामराज्याभिषेक यात्रा की भव्यता देखते ही बनेगी।

## न्यूज सार

### जन सुनवाई में नगर सर्किल को प्रदेश में पांचवां स्थान

अयोध्या (ब्यूरो)। जन सुनवाई के मामले में नगर सर्किल क्षेत्र को प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है तो वहीं खराब प्रदर्शन करने वाले टॉप 10 की सूची में जिले का मिल्कीपुर सर्किल तीसरे स्थान पर है। सोमवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के अधिकारियों के साथ की गई ऑनलाइन समीक्षा बैठक में 10 अच्छे व 10 खराब प्रदर्शन करने वाले सर्किल की लिस्ट जारी की गई थी। प्रदेश में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सर्किल में पहला स्थान दातागंज जनपद बदायूं को मिला है। दूसरे स्थान पर सर्किल सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद, तीसरे स्थान पर सर्किल छर्रा जिला अलीगढ़, चौथे स्थान पर सर्किल पीलीभीत जिला पीलीभीत शामिल है। अयोध्या जिले के नगर सर्किल को प्रदेश में पांचवां स्थान मिला है। वहीं जिले के मिल्कीपुर सर्कल ने अयोध्या पुलिस की इस खुशी को थोड़ा काम किया है। उसे सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले सर्किल में प्रदेश में तीसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर कोतवाली कानपुर सर्किल व दूसरे स्थान पर सर्किल बरहज जिला देवरिया है। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि जन सुनवाई को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश हैं। इस पर बराबर निगरानी भी रखी जाती है।

### नौकरी का झांसा देकर दो लाख ठगे

बहराइच (ब्यूरो)। कोतवाली देहात के ढपालीपुरवा निवासी युवक ने नौकरी के नाम पर ठगी का आरोप लगाया है। युवक ने मेडिकल कॉलेज की तत्कालीन सेवा प्रदाता कंपनी के नाम पर उससे और एक महिला से दो लाख की ठगी होने की बात कही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली देहात के ढपालीपुरवा निवासी अतीश कुमार ने आरोप लगाते हुए बताया कि साल 2019–20 में मेडिकल कॉलेज में जीत सिक्योरिटी कंपनी सेवाएं दे रही थी। लखनऊ निवासी भरत सिंह ने खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर उसे और सलारगंज निवासी आराधना साहू को मेडिकल कॉलेज में लिपिक के पद पर रखने का आश्वासन दिया था। सिक्योरिटी के नाम पर दोनों से एक–एक लाख रुपए लिए। चार साल बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही पैसा वापस किया। अतीश ने आरोप लगाया कि अब पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। कोतवाल मनोज पांडेय ने बताया कि भरत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मौलवी ने बालक को बेरहमी से पीटा

महसी (बहराइच) (ब्यूरो)। एक मौलाना द्वारा बच्चे को पीटने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को लेकर लोग तरह–तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। वायरल वीडियो की पुष्टि अमर उजाला नहीं करता है। वीडियो के संबंध में दावा किया जा रहा है, कि वीडियो बौंडी थाना क्षेत्र के रानीपुरवा गांव का है। उक्त बालक से मदरसे में पढ़ने की बात कही गई थी। लेकिन बच्चा लापरवाही कर रहा था और वह मदरसे नहीं जा रहा था। इससे गुस्साए मौलवी बच्चे के घर पहुंचे और डंडे से उसकी बेरहमी पूर्वक पिटाई की। वीडियो वायरल होने के बाद लोग कड़े शब्दो में मौलवी के कृत्य की आलोचना कर रहे हैं और कड़ी कार्रवाई की मांग भी।

### बकाया वसूलने गए बिजली कर्मियों से हाथापाई

विशेश्वरगंज (बहराइच) (ब्यूरो)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खानपुर मल्लोह में बकाया बिजली का बिल वसूलने गई टीम व उपभोक्ताओं में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों के बीच हाथापाई हुई। कर्मियों का आरोप है कि कुछ उपभोक्ताओं ने उनके साथ गाली गलौज व मारपीट की। र्मियों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। विश्वेश्वरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत खानपुर मल्लोह के मजरा मेंझरिया में बुधवार को विद्युत विभाग की ओर से बकाया वसूली कैंप लगाया गया था। जूनियर इंजीनियर राजेंद्र प्रसाद चौधरी बिल की वसूली व चेकिंग अभियान चला रहे थे।

### सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे रेलवे स्टेशन

बहराइच (ब्यूरो)। जिले के सभी रेलवे स्टेशन शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे। इससे रेलवे स्टेशन पर होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगा सकेगा। रेलवे की ओर से सभी रेलवे स्टेशनों के कंप्यूटरीकृत कराने का सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। स्टेशन पर आरोपी अक्सर वारदात के बाद फरार हो जाते थे। उन्हें पकड़ना रेलवे पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। इस पर अंकुश लगाने के लिए रेल मंत्रालय ने बहराइच, चिलवरिया, पयागपुर, विशेश्वरगंज, मटेरा, रिसिया, नानपारा व कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग सहित जिले के सभी रेलवे स्टेशनों को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की तैयारी कर ली है। जिले के हजारों यात्री प्रतिदिन ट्रेनों से सफर करते हैं। ऐसे में स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरा न होना एक बड़ी चूक है।

## बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर के गेस्ट हाउस, होटल संचालकों को नोटिस

बहराइच (ब्यूरो)। बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती में संचालित होटल, लॉज, गेस्ट हाउस संचालकों को पर्यटन विभाग में सराय एक्ट के तहत पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए पर्यटन सूचना अधिकारी ने तीन जिलों के संचालकों को नोटिस जारी किया है। पंजीकरण न होने पर होटल बंद किया जा सकता है। 30 सितंबर तक इस बारे में होटल संचालकों से जवाब मांगा गया है। बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती जिले में तमाम होटल संचालित हो रहे हैं। लेकिन इनका पर्यटन विभाग में सराय एक्ट के तहत पंजीकरण नहीं कराया गया है। बिना पंजीकरण के तमाम होटल, गेस्ट हाउस और लॉज का संचालन हो रहा है। कहीं घटना होती है तो पुलिस प्रशासन को भी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कई बार ऐसे मामले सामने आए है जब होटलों में अपराधियों को पनाह मिली और वह आसानी से निकल गए। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर पर्यटन सूचना अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने जिले के सभी होटल गेस्ट हाउस लॉज संचालकों को नोटिस जारी किया है।

जिला पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि सराय एक्ट के तहत सभी संचालकों को पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पर्यटन सूचना अधिकारी ने बताया कि 30 सितंबर तक सभी को पंजीकरण कराना जरूरी है। यदि इस समय तक पंजीकरण नहीं कराया तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। 1867 में लागू हुआ था सराय एक्टसराय एक्ट को अंग्रेजों द्वारा वर्ष 1867 में लागू किया गया था। इस एक्ट के तहत होटल, लॉज व गेस्ट हाउस संचालकों को पुलिस, खाद्य सुरक्षा,अग्निशमन, पर्यावरण विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होता है। इन विभागों क एनओसी मिलने के बाद ही सराय एक्ट में पंजीकरण होता है। वहीं होटल, लॉज, गेस्ट हाउस का पंजीकरण करवाना भी अनिवार्य होता है। इस एक्ट में अन्य कई प्रावधान है जिसमें संचालकों को उनके यहां रूकने वाले अतिथियो को तमाम प्रकार की सुविधाएं देनी होती हैं। लेकिन इस समय इन मानकों को पूरा नहीं किया जा रहा है।

## ट्रैक्टर ट्रॉली के गलत इस्तेमाल से खतरे में जान

बहराइच (ब्यूरो)। कृषि कार्य के नाम पर ली गईं अधिकतर ट्रैक्टर ट्रॉलियों का प्रयोग व्यावसायिक कार्य में किया जा रहा है। अकुशल ड्राइवर ट्रॉलियों पर बालू, मिट्टी, सीमेंट व अन्य सामान भरकर सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। ऐसे में आए दिन हादसे हो रहे हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार इस पर अंकुश लगाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इसी का नतीजा है कि बुधवार को पयागपुर थाना क्षेत्र में हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई व 11 लोग घायल हुए थे।

जिले में 27 हजार 548 ट्रैक्टर एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत हैं। इनमें कॉमर्शियल ट्रैक्टरों की संख्या मात्र 48 है। सिर्फ 25 ट्रॉलियां कॉमर्शियल कार्यों के लिए दर्ज हैं। नियम के मुताबिक सिर्फ कॉमर्शियल ट्रैक्टर–ट्रॉलियां ही व्यावसायिक कार्यों में प्रयोग हो सकती हैं। बावजूद इसके जिले के प्रमुख मार्गों बहराइच–बलरामपुर, बहराइच–गोंडा, बहराइच–नानपारा, बहराइच–लखनऊ समेत विभिन्न मार्गों पर प्रतिदिन हजारों ट्रैक्टर ट्रॉलियां फर्राटा भरती देखी जा रही हैं। इन ट्रैक्टर–ट्रॉलियों से बिना हिचक मिट्टी, सीमेंट, बालू समेत लोगों को भी ढोया जा रहा है। जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं। पुलिस कर्मी व परिवहन विभाग के जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाए दर्शक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। ऐसा तब है जब यह ट्रैक्टर–ट्रॉलियां ओवरलोड सामान लाद कर थानों, एआरटीओ कार्यालय व विभिन्न जिम्मेदार अधिकारियों के दफ्तरों के बाहर से भी गुजरती हैं। ईंट भट्ठों से फर्राटा भर रहे 500 से अधिक ट्रैक्टरजिले में कॉमर्शियल के नाम पर मात्र 48 ट्रैक्टर व 25 ट्रॉलियां दर्ज हैं। अकेले ईंट भट्ठों से प्रतिदिन 500 से अधिक ट्रैक्टर–ट्रॉली ईंट लेकर निकलते हैं। यह ट्रैक्टर शहर के कोने–कोने का भ्रमण करते हैं। इन पर लगभग सभी जिम्मेदार अधिकारियों की नजर पड़ती है, बावजूद इसके अधिकारी इन्हें रोककर जानकारी लेना मुनासिब नहीं समझते। जिले में लगभग 250 ईंट–भट्ठे हैं। औसतन दो से तीन ट्रैक्टर–ट्रॉलियां सभी जगहों पर लगी हैं। एआरटीओ कार्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक कॉमर्शियल वाहनों से 242 रुपये प्रति टन के हिसाब से तीन माह पर टैक्स लेने का प्रावधान है। यही कारण है कि ट्रैक्टर–ट्रॉली खरीदने वाले लोग इसे कृषि कार्य के लिए दिखाते हैं और फिर रजिस्ट्रेशन के बाद इसका प्रयोग कॉमर्शियल कार्यों के लिए करते हैं। बहराइच–गोंडा मार्ग पर बुधवार दोपहर बस व सीमेंट लदी ट्रैक्टर–ट्रॉली की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत हो गई थी। हादसे में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली कृषि कार्य के लिए रजिस्टर्ड थी। इसका गलत तरीके से प्रयोग सीमेंट ढोने के लिए किया जा रहा था।

# गणतंत्र दिवस से होंगे रामलला के दर्शन

अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर को भक्तों के लिए गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी 2024 से खोल दिया जाएगा। अगले साल 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी प्रस्तावित है। हालांकि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 16 जनवरी से ही शुरू हो जाएगा। 20 से 24 के बीच किसी भी दिन पीएम नरेंद्र मोदी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हो सकते हैं। नए मंदिर में हर रोज 75 हजार भक्त आसानी से रामलला के दर्शन कर पाएंगे।

मंदिर के पहले का चरण का काम दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। इसके बाद जनवरी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 26 जनवरी से राम मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉध अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर में करीब 75 हजार लोग प्रतिदिन आसानी से दर्शन कर सकेंगे। एक व्यक्ति को दर्शन करने के लिए करीब 15 से 20 सेकंड का समय मिल पाएगा पर उन्हें संतोष इसलिए होगा क्योंकि मंदिर में भी वहां तक पहुंचने के दौरान वह कई स्थलों व मंडपों से होकर गुजरेंगे। इस दौरान मंदिर की भव्यता, भव्य नक्काशी, स्थापत्य कला भक्तों को लुभाएगी। मंदिर के भूतल की फिनिशिंग का काम चल रहा है, दिसंबर तक मंदिर का भूतल बनकर तैयार हो जाएगा।

राममंदिर के गर्भगृह से लेकर शिखर तक पूरा मंदिर स्वर्णजड़ित होगा। दरवाजे चांदी के होंगे। राममंदिर के गर्भगृह का दरवाजा स्वर्ण व रजत मंडित होगा। गर्भगृह में सागौन की लकड़ी का बना दरवाजा लगाया जा चुका है। अब इस पर सोने की परत चढ़ाने की तैयारी है, इसके लिए खांचा बनाने का काम शुरू कर दिया गया है। यही नहीं, मंदिर का सिंहद्वार भी चांदी की चमक बिखेरगा। हरिद्वार स्थित काशीमठ के पीठाधीश्वर स्वामी संयमम तीर्थ महाराज के अनुयायी सिंहद्वार को रजत मंडित कराने के लिए आगे आए हैं। सिंहद्वार में जितने क्विंटल चांदी की जरूरत होगी वह काशीमठ के अनुयायी समर्पित करेंगे। 1 60 किलो चांदी काशीमठ की ओर से पहले ही ट्रस्ट को समर्पित की जा चुकी है। राममंदिर निर्माण का काम जोरों पर चल रहा है। 161 फीट ऊंचा व तीन मंजिला राममंदिर का भूतल 90 फीसदी व प्रथम तल 50 फीसदी तैयार हो चुका है। मंदिर परिसर में राममंदिर समेत 10 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इन योजनाओं के निर्माण में अब तक 900 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। मंदिर सहित अन्य प्रकल्पों के निर्माण में कुल 1800 करोड़ खर्च होने का अनुमान है। ट्रस्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अकेले मंदिर निर्माण की लागत ही 575 करोड़ आंकी गई है। इसके अलावा मंदिर परिसर में तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, पब्लिक यूटिलिटी, परकोटा, रिटेनिंग वॉल, संग्रहालय, परकोटे में छह मंदिर, कुबेर टीला, सीता कूप, शेषावतार मंदिर का सुंदरीकरण, बिजली का प्लांट, पानी का प्लांट, सड़कों का निर्माण आदि पर काम चल रहा है। रामलला की अचल मूर्ति का भी निर्माण हो रहा है। कर्नाटक व राजस्थान के मूर्तिकार तीन अचल मूर्ति बना रहे हैं। जिसमें रामलला की बाल सुलभ कोमलता झलकेगी उसे मंदिर में स्थापित किया जाएगा।



रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट अलग से बैंक खाता भी खोलने जा रहा है। यह खाता भारतीय स्टेट बैंक में खोले जाने की तैयारी है। यदि कोई भक्त प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के भिन्न–भिन्न आयामों के लिए धनराशि देना चाहे तो उन्हें इसी खाते में धनराशि को भेजना होगा।



# करण जौहर के साथ मिलकर फिल्म 'जिगरा' को को-प्रोड्यूस करेंगी आलिया



आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'जिगरा' का टीजर आउट हो चुका है। इस फिल्म में आलिया पहली बार एक्शन अवतार में नजर आएंगी। फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले होगी। फिल्म के डायरेक्टर वसन बाला होंगे। फिल्म जिगरा 27 सितंबर 2024 को होगी। आलिया ने अपना बॉलीवुड डेब्यू धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से की थी। अब आलिया करण जौहर के साथ अपनी फिल्म 'जिगरा' को-प्रोड्यूस करने वाली हैं।

### हार्ट ऑफ स्टोन थी आलिया की लेटेस्ट फिल्म

आलिया भट्ट ने हाल ही में हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में काम किया था। इस फिल्म में उनके साथ गैल गैडोट बतौर एक्ट्रेस नजर आई है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। इसके बाद आलिया भट्ट की फिल्म रॉकी और रानी हाल ही में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में आलिया के साथ रणवीर सिंह नजर आए थे। फिल्म रोमांस और कॉमेडी से भरपूर थी।

# पापा के लिए गदर-2 पुनर्जन्म जैसी है, 22 साल लगे इस सफलता के इंतजार में

सनी देओल के बेटे राजवीर देओल जल्द ही फिल्म 'दोनों' से बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने पिता और भाई करण देओल के बीते कुछ सालों के स्ट्रगल पर बात की। साक्षात्कार में राजवीर ने खुलकर अपने पापा के संघर्ष का जिक्र किया। जहां सनी गदर-2 से पहले बीते दो दशकों से एक हिट फिल्म की तलाश कर रहे थे। वहीं करण 2019 में रिलीज हुई अपनी डेब्यू फिल्म से दर्शकों और क्रिटिक्स को इम्प्रेस करने में नाकाम रहे। इंटरव्यू में राजवीर ने कहा कि पूरा देओल परिवार गदर-2 की सक्सेस पर यकीन नहीं कर पा रहा था। फिल्म अब तक बॉक्स ऑफिस पर 530 करोड़ से ज्यादा कमा चुकी है और तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म है। राजवीर ने कहा कि यह उनके पिता के लिए पुर्नजन्म जैसा है जो 80 और 90 के दशक में बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार थे। राजवीर ने आगे बताया, 'बीते 22 साल से मैं उनको स्ट्रगल और काम करते हुए देख रहा हूं। वो किसी दिन छुट्टी पर नहीं होते थे। जब लोग मुझसे आकर कहते थे कि एक एक्टर की लाइफ बड़ी आसान होती है, वो तो बस घूमते रहते हैं। मुझे तो यह सुनकर बहुत गुस्सा आता था क्योंकि मैंने अपने डैड को काम करते हुए देखा है। मैंने देखा है कि वो अपने काम के चलते परिवार को वक्त नहीं दे पाए। फाइनली उनके खाते में गदर-2 जैसी हिट फिल्म आई और वो इसे डिजर्व भी करते हैं। मुझे नहीं पता कि इस फीलिंग को कैसे बयां करना है पर मैं अभी तक इस पर यकीन नहीं कर पा रहा।'



# विजय की फिल्म में श्रीलीला की जगह नजर आएंगी रश्मिका मंदाना

पुष्पा-द राइज में श्रीवल्ली बन हिंदी पट्टी के दर्शकों में खास पहचान बनाने वाली अभिनेत्री रश्मिका मंदाना आए दिन किसी न किसी कारण से सुर्खियों में बनी रहती हैं। अभिनेत्री का हिंदी फिल्मों में डेब्यू बेशकश फ्लॉप रहा हो, लेकिन श्रीवल्ली के रूप में मिली प्रसिद्धि की वजह से उनकी लोकप्रियता खूब है। ऐसे में फैंस उनसे जुड़ी हर अपडेट पर नजरें बनाए रखते हैं। जहां एक तरफ वह इन दिनों अपनी आगामी फिल्म पुष्पा- द रूल के लिए चर्चा में बनी हुई हैं, वहीं अब खबर आ रही है कि उन्होंने विजय देवरकोंडा की फिल्म साइन कर ली है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म कुशी की सफलता के बाद विजय देवरकोंडा अपनी अगली फिल्म वीडी12 की तैयारियों में जुट गए हैं। गौतम तिन्नानुरी के निर्देशन में बनने जा रही है इस फिल्म में पहले अभिनेत्री श्रीलीला को मुख्य अभिनेत्री के रूप में साइन किया गया था। लेकिन अब कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म में उनकी जगह रश्मिका मंदाना ने ले ली है। तो मतलब साफ है वीडी 12 में रश्मिका मंदाना ने श्रीलीला को रिप्लेस कर दिया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि श्रीलीला को तारीखों की दिक्कत की वजह से प्रोजेक्ट से हट गई हैं। सामने आई रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि श्रीलीला वीडी12 के लिए अपनी तारीखों पर विचार-विमर्श नहीं कर सकीं इसलिए उन्होंने खुद ही फिल्म से अपना हाथ खींच लिया है। ऐसे में निर्माताओं ने श्रीलीला की जगह मुख्य अभिनेत्री के तौर पर रश्मिका मंदाना को साइन कर लिया है। इस खबर से विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना के दिलों में खुशी की लहर दौड़ उठी है। वीडी12, गीता गोविंदम और डियर कॉमरेड के बाद रश्मिका मंदाना और विजय की तीसरी फिल्म होगी।



# हड्डी में अनुराग कश्यप के साथ काम करना अद्भुत

फिल्म हड्डी के निर्देशक अक्षत अजय शर्मा ने कहा है कि अनुराग कश्यप के साथ काम करना शानदार अनुभव रहा। अक्षत ने हड्डी का सह-लेखन और निर्देशन किया था। फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। एक खास बातचीत में निर्देशक ने ट्रांसजेंडर पर फिल्म बनाने और अनुराग कश्यप के साथ काम करने के बारे में बात की। अनुराग कश्यप के साथ अपने काम के अनुभव के बारे में बात करते हुए, जिनकी उन्होंने अपनी फिल्मों में निर्देशक के रूप में सहायता की है, उन्होंने कहा, यह बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। अनुराग कश्यप की खूबी यह है कि जिन्होंने भी उनके साथ काम किया है, उन्होंने अद्भुत अनुभव पाया हैं। वह एक संस्कृति विकसित करते हैं, एक आजादी है जो वह जिम्मेदारी के साथ देते हैं। जब आप उनके साथ काम करते हैं तो आपको हमेशा कुछ भी कहने की आजादी होती है। वह मेरे लिए सपोर्टिंग पिलर रहे हैं। उसका होना बहुत बेहतरीन था। ट्रांसजेंडर पर फिल्म बनाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, देखिये हम किसी को ठेस नहीं पहुंचाना चाहते। हमने चर्चा की थी कि हम फिल्म को घिसी-पिटी या उपदेशात्मक नहीं बनाएंगे। इस समुदाय में बहुत गहराई है। वे रामायण काल से ही हमारे साथ हैं। हम उन्हें केवल ऐसे लोगों के रूप में जानते हैं जो हमारे समारोहों में बधाई देने आते हैं। लेकिन हम दिखाना चाहते थे कि वे कैसे रहते हैं, क्या करते हैं। हमने वो सब बहुत ईमानदारी से दिखाया है। हड्डी एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें नवाजुद्दीन, अनुराग कश्यप और इला अरुण मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिनमें से एक ट्रांसजेंडर की है। यह फिल्म 7 सितंबर को जी5 पर रिलीज हुई थी।



# मेरे साथ लोगों ने खुलेआम पॉलिटिक्स की, गुटबाजी के चलते मैंने फिल्में गंवाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कई बार एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के साथ अपने झगड़े के बारे में बात की है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि फिल्म इंडस्ट्री में पॉलिटिक्स और गुटबाजी के चलते उन्हें कई फिल्में गंवानी पड़ीं। रवीना ने कहा कि इंडस्ट्री में गुटबाजी के चलते उन्हें 'साजन चले ससुराल' जैसी हिट फिल्में गवांनी पड़ी थी। फिल्म में उनकी जगह करिश्मा कपूर को कास्ट कर लिया गया था। रवीना और करिश्मा ने साथ में 'अंदाज अपना अपना', 'रक्षक' और 'आतिश' जैसी फिल्मों में काम किया है। फिल्म अंदाज अपना अपना के एक सीन में करिश्मा और रवीना।

### मैंने कभी किसी को प्रोजेक्ट से नहीं हटवाया

रवीना ने कहा, 'मैं हमेशा से एक हेल्दी कॉम्पिटिशन में बिलीव करती हूं क्योंकि इसके चलते आप अपना बेस्ड डिलिवर कर पाते हैं। हालांकि, मैं एक हद तक ही एंबिशियस हूं। कोई ऐसा नहीं कह सकता कि रवीना ने मुझे इस प्रोजेक्ट से हटवा दिया या रवीना ने इस न्यूकमर के साथ काम करने से मना कर दिया।'

### अजय की विजयपथ से भी हुई थीं रिप्लेस

रवीना ने आगे कहा, 'मैंने कभी इस तरह की पॉलिटिक्स और गुटबाजी नहीं की पर कई लोगों ने मेरे खिलाफ खुलेआम पॉलिटिक्स की है। मैं डेविड धवन और गोविंदा के साथ फिल्म 'साजन चले ससुराल' में काम करने वाली थी। यहां तक कि मैंने अजय देवगन के अपोजिट 'विजयपथ' भी साइन की थी पर दोनों ही फिल्में मेरा हाथ से निकल गईं।'

### सुपरहिट रही थीं दोनों फिल्में

1996 में रिलीज हुई साजन चले ससुराल में गोविंदा के अपोजिट करिश्मा कपूर और तबु नजर आई थीं। यह फिल्म उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी। वहीं 1994 में रिलीज हुई विजयपथ भी उस साल की हिट फिल्मों में से एक थी। फिल्म के गाने बहुत ही ज्यादा हिट हुए थे।

### शायद हमें एक-दूसरे से कॉम्पलेक्स रहा हो- रवीना

इससे पहले एक इंटरव्यू में रवीना ने अपने और करिश्मा के रिश्ते पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि तब मैं और करिश्मा बच्चे थे। हो सकता है कि हमें एक-दूसरे से कॉम्पलेक्स रहा हो। पर वक्त के साथ-साथ हम बड़े हो गए हैं। वर्कफ्रंट पर रवीना फिल्म 'घुड़चढ़ी' में संजय दत्त के अपोजिट नजर आएंगी। इसके अलावा उनके पास वेब सीरीज 'अरण्यक' का सेकंड सीजन भी है।

# यारियां-2 का ट्रेलर हुआ लॉन्च, दिव्या खोसला कुमार हुईं इमोशनल

फिल्म यारियां-2, 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म मलयालम मूवी बैंगलोर डेज का रीमेक है। इस फिल्म में यश दासगुप्ता के साथ दिव्या खोसला कुमार, वरीना हुसैन, मीजान जाफरी और अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। यारियां-2 फिल्म में कजिन बान्डिंग को दिखाया गया है। तीनों कजिन जब एक नए शहर में आते हैं, तो उनकी लाइफ में क्या मुश्किलें आती हैं और किस तरह से वे एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं, बखूबी नजर आया है।

### दिव्या खोसला हुईं इमोशनल

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान दिव्या खोसला कुमार भावुक हुईं। उन्होंने अपनी मुंबई की जर्नी शेयर की। मीडिया से कहा, मेरी मम्मी मानती थीं कि राधिका-विनय मुझे स्क्रीन पर सबसे अच्छा प्रेजेंट करते हैं। जब मम्मी फिल्म के सेट पर आई थीं तब उन्होंने मेरे लुक की बहुत तारीफ की थी। इवेंट में सोशल मीडिया का बेहद पॉपुलर कपल सचेत टंडन और परंपरा ठाकुर भी नजर आए। उन्होंने फिल्म का सॉन्ग गाकर समां बांध दिया। सचेत-परंपरा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर इनके मिलियन में सब्सक्राइबर हैं। अक्सर ये दोनों साथ में कपल वीडियो बनाते नजर आते हैं।

### यारियां-2 फंसी थी विवादों में

यारियां-2 के टीजर रिलीज के बाद सिख समुदाय ने फिल्म के खिलाफ FIR दर्ज कराया था। फिल्म के एक गाने पर एक्टर मीजान जाफरी को कृपाण पहने दिखाया गया है। सिख समुदाय ने फिल्म के मेकर्स और एक्टर पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया था।



# खतरों के खिलाड़ी 13 में चैलेंजर बनकर आएंगी हिना

खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में अभिनेत्री हिना खान एक चैलेंजर के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बहादुरी के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए चुना जाना सम्मान की बात है। शो के रोमांच की भावना को अगले स्तर पर ले जाते हुए, एक्शन मास्टर और होस्ट रोहित शेट्टी इस सीजन के तीसरे चैलेंजर का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। शो के आठवें सीजन की मशहूर फाइनलिस्ट शेर खान के नाम से मशहूर हिना अपनी असाधारण लचीलेपन और शो के आठवें संस्करण में अधिकांश स्टंट में महारत हासिल करने के लिए प्रसिद्ध हैं, जो इस सीजन के प्रतियोगियों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। अपने निडर व्यक्तित्व को बरकरार रखते हुए, हिना शो में लग जा गले गाते हुए प्रवेश करती नजर आएंगी, क्योंकि वह एक चट्टान से कूदने वाली हैं। आगामी एपिसोड में, दर्शक हिना की अदम्य ताकत देखेंगे। एक चैलेंजर के रूप में केकेके 13 में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, हिना ने कहा, खतरों के खिलाड़ी में वापसी उस रोमांच को फिर से देखने जैसा था जिसने मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं। अगर मैं इस शो में नहीं होती तो मैं अपने डर पर काबू पाने की कल्पना भी नहीं कर पाती। अभिनेत्री ने कहा, एक चुनौतीकर्ता के रूप में इसमें वापसी करने से अद्भुत यादों की बाढ़ आ गई। खतरों के खिलाड़ी का यह सीजन अपने आप में अनोखा और हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर है।





# तृप्ति डिमरी संग धमाल मचाएंगे राजकुमार राव

राजकुमार राव आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है। फिल्मी बैकग्राउंड से न जुड़े होने के बावजूद भी एक्टर ने अपनी मेहनत और टैलेंट के दम पर आज वह सबकुछ हासिल कर लिया है, जिसे पाने का हर कोई सपना देखता है। वहीं अभिनेता राजकुमार राव आने वाले दिनों में कई अलग-अलग तरह की फिल्मों में नजर आने वाले हैं और अब उनके खाते से एक और फिल्म जुड़ गई है, जिसका नाम है विक्की विद्या का वो वाला वीडियो है। खास बात यह है कि फिल्म के निर्देशन की कमान ड्रीम गर्ल और ड्रीम गर्ल 2 का निर्देशन कर चुके राज शांडिल्य संभाल रहे हैं। टी-सीरीज ने फिल्म का एक शानदार पोस्टर सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, अतीत का एक धमाका। पारिवारिक ड्रामा विक्की विद्या का वो वाला वीडियो के जरिए राजकुमार और तृप्ति 90 के दशक की यादें ताजा करने आ रहे हैं। उधर शांडिल्य ने ट्वीट कर यह जानकारी दी कि ड्रीम गर्ल 2 के बाद यह उनकी अगली फिल्म है। इस फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। बात करे शांडिल्य की तो वह जाने-माने टेलीविजन और फिल्म राइटर हैं। उन्होंने अपना करियर 2006 में शुरू किया था। शांडिल्य कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक और सुदेश लहरी के लिए लगभग 350 स्क्रिप्ट और कपिल शर्मा के लिए लगभग 200 स्क्रिप्ट लिख चुके हैं।

## अब मुखर्जी नगर के पीजी में लगी आग

**नई दिल्ली।** मुखर्जी नगर इलाके में बुधवार को तीन मंजिला इमारत के पीजी में आग लग गई। इस इमारत में पिछले कई सालों से गर्ल्स पीजी संचालित किया जा रहा था। आग लगने के बाद इलाके



में अफरा तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 20 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाना शुरू किया। दमकल विभाग ने 35 लड़कियों को बाहर निकाला। फिलहाल पुलिस आग लगने की जांच कर रही है।

## अरविंद केजरीवाल बोले, INDIA गठबंधन के प्रति समर्पित है 'आप', किसी भी हालत में नहीं होंगे अलग

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी INDIA गठबंधन के प्रति समर्पित हैं। आम आदमी पार्टी किसी भी हालत में INDIA गठबंधन से अलग नहीं होगी। आम



आदमी पार्टी सरकार नशे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन मैं किसी विशेष केस या किसी व्यक्ति विशेष पर बात नहीं कर रहा क्योंकि मेरे पास जानकारी नहीं है, जानकारी पंजाब पुलिस के पास है।शुक्रवार को एक संवाददाता सम्मेलन में आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल से पंजाब में कांग्रेस विधायक की गिरफ्तारी के बाद भारत गठबंधन के भविष्य के बारे में पूछा गया। उन्होंने कहा, 'आप INDIAगठबंधन के प्रति प्रतिबद्ध है। हम गठबंधन से अलग नहीं होंगे। हम गठबंधन का धर्म निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

## ग्रेटर नोएडा में ट्रक की केबिन में घुसा अजगर, ड्राइवर और क्लीनर ट्रक छोड़ भागे

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में बीती रात एक ट्रक में एक बड़ा अजगर केबिन में घुस गया। इसको देखकर परिचालक और चालक शोर मचाने लगे और ट्रक रोक कर ट्रक से कूद कर बाहर भाग खड़े हुए। इस अजगर को देखने के लिए काफी भीड़ लग गई। मौके पर पहुंचे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

मिली जानकारी के मुताबिक जैसे ही है ट्रक बीटा 2 थाना क्षेत्र के परी चौक गोल चक्कर के पास पहुंचा, अचानक से कंडक्टर को केबिन के अंदर एक अजगर आता हुआ दिखाई दिया। यह देखते ही वह चिल्लाने लगा और इसके बाद चालक और परिचालक ट्रक को सड़क पर ही छोड़कर केबिन से बाहर भाग गए।इस दौरान परी चौक चौकी इंचार्ज ने अजगर को पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने वन विभाग की टीम को कॉल किया, लेकिन वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद पुलिस ने खुद कड़ी मेहनत के बाद अजगर को पकड़ा और उसको रेस्क्यू करने के बाद वन विभाग को सौंप दिया। दरसअल, गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे एक ट्रक सूरजपुर की तरफ से कासना की तरफ जा रहा था। जैसे ही है वह बीटा 2 थाना क्षेत्र के परी चौक गोल चक्कर के पास पहुंचा, अचानक से कंडक्टर को केबिन के अंदर एक अजगर आता हुआ दिखाई दिया। यह देखते ही वह चिल्लाने लगा और इसके बाद चालक और परिचालक ट्रक को सड़क पर ही छोड़कर केबिन से बाहर भाग गए।

# राजधानी में करीब 25 करोड़ की सबसे बड़ी चोरी के मामले में छत्तीसगढ़ से दो को पकड़ा, 25 किलो सोना बरामद

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ पुलिस ने शातिर चोर लोकेश श्रीवास और उसके साथी शिवा चंद्रवंशी को 25 किलो सोने के साथ पकड़ा है। पुलिस को लोकेश श्रीवास के पास से 25 किलो सोना के अलावा नगदी और अन्य जेवरात भी बरामद हुए हैं। दुर्ग पुलिस ने लोकेश को कोहका से हिरासत में लिया है। आरोपी लोकेश ने पूछताछ में बताया कि वह दिल्ली के जंगपुरा इलाके में ज्वेलरी शोरूम में करीब 20 घंटे तक रहा था।

बताया जाता है कि चोरी का यह संपूर्ण माल दिल्ली में हुई चोरी का है। लोकेश की बिलासपुर एवं राजनांदगांव पुलिस को भी तलाश थी। इसके पूर्व भी लोकेश श्रीवास को दुर्ग पुलिस ने आकाशगंगा में पारख ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले में शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार करने में सफलता पाई थी। फिलहाल दुर्ग पुलिस लोकेश श्रीवास से अन्य मामले की





पूछताछ कर रही है।

आरोपी लोकेश ने वर्ष 2021 में दुर्ग छत्तीसगढ़ से 40 किलो सोना चुराया था। इस मामले में मध्य प्रदेश पुलिस लोकेश व उसके साथी की तलाश कर रही थी। मध्य प्रदेश पुलिस ने लोकेश के साथी को गिरफ्तार कर लिया था और उसके साथी ने बताया था कि लोकेश दिल्ली में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने गया है। इसके बाद मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी।

आरोपी लोकेश व उसका साथी आंध्र प्रदेश में भी चोरी की बड़ी वारदात करके कर आए थे। आंध्र प्रदेश पुलिस मध्य प्रदेश पहुंची थी। इसके बाद इन दोनों के बारे में खुलासा हुआ था। मध्य प्रदेश पुलिस ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। उसके बाद दिल्ली पुलिस इस चोरी की इस सबसे बड़ी वारदात का खुलासा कर सकी।

## वायु प्रदूषण: 'साफ हुई दिल्ली की हवा, प्रदूषण स्तर में आई कमी', मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बताया क्यों कम हुआ

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में दिल्ली में प्रदूषण स्तर में कमी आई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की यह बात कही है। उन्होंने बताया कि कई शहरों के मुकाबले दिल्ली हालत अच्छी है। इलेक्ट्रानिक बसों की वजह से दिल्ली में प्रदूषण में कमी आई है। प्रदूषण के खिलाफ अभियान भी चलाया गया था। दिल्ली में कोई थर्मल प्लांट भी नहीं हैं।

केजरीवाल ने आगे कहा कि दिल्ली में पेड़ों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। यहां अब जनरेटर नहीं चलते। निर्माणाधीन जगहों पर मानकों के आधार पर काम होता है। दिल्ली में प्रदूषण वाली जगहों पर स्पेशल टीम तैनात की गई है। पटाखों पर इस साल भी बैन रहेगा।

सर्दी में वायु प्रदूषण की रोक



थाम को लेकर दिल्ली के लिए 15 सूत्रीय विंटर एक्शन को जारी करते हुए अरविंद केजरीवाल ने बताया कि 13 हॉटस्पॉट की गई पहचान। प्रति हॉटस्पॉट के लिए स्पेशल प्लान होगा। इसके लिए 13 टीम का गठन किया गया है। पांच हजार एकड़ खेतों में पराली डिकंपोज का उपयोग किया जाएगा। धूल प्रदूषण के लिए 591 टीमों का गठन किया गया है। सड़कों पर 238 एंटी स्मोग गन तैनात की जाएगी। पीयूसी के लिए 385 टीम का गठन किया गया है। प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार का एक्शन प्लान जारी करते हुए कहा कि राजधानी के प्रदूषण में 30 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2014 के मुकाबले 2023 में प्रदूषण के स्तर में 30 प्रतिशत तक की कमी आई है। दिल्ली में पीएम2.5 और पीएम10 दोनों में कमी आई है। सीएम ने कहा कि पहले बसों की कमी थी लोग खुद की गाड़ियों से चलते थे। हमने काफी बसें खरीदी हैं। दिल्ली में 7135 बसें खरीदी है, जिनमें 800 इलेक्ट्रिक बसें हैं। सबसे ज्यादा दिल्ली में इलेक्ट्रिक व्हीकल खरीदे जा रहे हैं।

## निज़ामुद्दीन स्थित एमसीडी स्कूल का आतिशी ने किया औचक निरीक्षण



**नई दिल्ली।** दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी इन दिनों लगातार विद्यालयों का निरीक्षण कर रही हैं। इसी क्रम में उन्होंने गुरुवार को निज़ामुद्दीन स्थित एमसीडी स्कूल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई को लेकर स्कूल प्रशासन से नाराजगी जताई और इसे ठीक करने की हिदायत दी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल में सफाई की बदतर स्थिति है। उन्होंने स्कूल के रखरखाव में लापरवाही और गंदगी को लेकर स्कूल प्रमुख को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि वो स्कूल की समस्याओं को दूर करें वरना निलंबन के लिए तैयार रहें। उन्होंने कहा कि स्कूल की ऐसी स्थिति अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि स्कूल में यह सुनिश्चित करना प्रिंसिपल का कर्तव्य है कि सभी बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में क्वालिटी एजुकेशन मिले।

## मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुल कर करनी होगी बात : प्रो. विभा शर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज्म द्वारा युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य वक्ता आईएचबीएएस में प्रोफेसर विभा शर्मा और असिस्टेंट प्रोफेसर मनीषा झा ने संबोधित किया। प्रो. विभा ने मुख्य रूप से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य व तनाव पर चर्चा की, साथ ही उन्होंने यह बात साझा की किस तरह से आज इंटरनेट युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने युवाओं को तनाव की समस्या से बचने के उपाय भी साझा किए।

कार्यक्रम के दौरान वक्ता डॉ मनीषा द्वारा साझा किए गए मुख्य विषयों में शैक्षणिक एवं भविष्य से संबंधित दबाव शामिल थे जिनका छात्रों को अक्सर सामना करना पड़ता है। सेमिनार को अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली क्योंकि छात्रों और शिक्षकों दोनों ने साहसपूर्वक मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर अपने व्यक्तिगत अनुभव



साझा किए। कार्यक्रम के अंत में दिल्ली स्कूल जर्नलिज्म के मानद निदेशक प्रोफेसर जेपी दुबे ने कहा कि वे निरन्तर इस तरह के कार्यक्रम कराते रहेंगे जिससे सभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सके। इस सकारात्मक ऊर्जा के साथ सभी शिक्षकों और छात्रों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे किसी भी तनाव में अपने शिक्षकों से संवाद करें, संवाद की प्रक्रिया मानसिक तनाव से बचने का मुख्य तरीका है। संगोष्ठी का आयोजन दिल्ली स्कूल जर्नलिज्म के मानद निदेशक प्रोफेसर जेपी दुबे के निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रियंका सचदेवा एवं आयोजक मंडल के सभी छात्र उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद में पत्नी चली गई मायके तो पति ने किया सुसाइड, बनाया वीडियो

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद से एक वीडियो सामने आया है जिसमें एक पति ने अपनी पत्नी के लिए वीडियो बनाया और उसके बाद आत्महत्या कर ली। वीडियो में पति ने आत्महत्या करने से पहले बनाया गया फंदा भी दिखाया और पत्नी के नाम संदेश भी छोड़ा। इस मामले में पति के परिजनों की तरफ से दी गई शिकायत के आधार पर पत्नी और साला साली के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक मकान और प्लाट अपने नाम कराने के लिए झगड़ा कर पत्नी घर से चली गई और बाद में दूसरी शादी करने की धमकी दी तो पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना 23 सितंबर की है और फांसी लगाने से पहले पति ने वीडियो बनाकर पत्नी को भेजा। वीडियो में पति ने कहा, 'सोनू तो चला, आराम से अपना घर बसाना। लव यू जो हमेशा रहेगा।' हरसांव की मढैया के रहने वाले जय प्रकाश ने बताया कि बेटे जोगेंद्र उर्फ सोनू की शादी करीब





चार वर्ष पूर्व अंजू से हुई थी। दोनों के दो बच्चे हैं और दो साल से जोगेंद्र अपने परिवार के साथ दूसरे मकान में रह रहा है।

आरोप है कि जोगेंद्र चालक था और उसके काम को लेकर अंजू अक्सर झगड़ा करती थी और मकान और एक प्लाट अपने नाम करने को कहती थी। 21 सितंबर को भी जोगेंद्र से हाथापाई कर वह बच्चों को छोड़ घर से चली गई। बाहर उसका भाई मनीष इंतजार कर रहा था, जिसके साथ वह मायके चली गई। 23 सितंबर को दोपहर बाद डेढ़ बजे जोगेंद्र अपनी मां से खाना व पानी की बोतल लेकर आया। खाने के बाद उसने पत्नी से बात की। आरोप है कि ससुरालियों ने उससे अशोभनीय तरीके से बात कर अंजू की दूसरी शादी करने की धमकी दी। दो बजे के बाद जोगेंद्र ने अपने दोस्त मोहित को बताया कि भाई मैं जा रहा हूं। परिवार को बता देना। तुरंत ही बहन संजू को उसका वीडियो मिला, जो आत्महत्या से ठीक पहले बनाया था। यह वीडियो उसने पत्नी को भी भेजा।

## भारत की जी20 अध्यक्षता को लेकर भास्कराचार्य एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय की कल्चर काउंसिल द्वारा नोडल केंद्र भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ़ एप्लाइड साइंसेज़ और शिवाजी कॉलेज एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारत की जी20 अध्यक्षता के साथ ही भारत फ़्रांस संबंध के उत्सव को मनाने के लिए 26 सितंबर को इंडो-फ़्रेंच इन्वेंट का आयोजन किया गया। समारोह के उद्घाटन सत्र का आयोजन नोडल केंद्र भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ़ एप्लाइड साइंसेज़ में किया गया। समापन और संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में हुआ।

समारोह के उद्घाटन अवसर पर अध्यक्ष के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलेजेज़ प्रो. बलराम पाणि, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अभिषेक टंडन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उद्यमोध्य फाउंडेशन, डीयू, प्रो. रवीन्द्र कुमार, डीन कल्चरल काउंसिल, डीयू, उपस्थित रहे। अकादमिक सत्र में बतौर वक्ता डॉ. डेनियल बोएरी उपस्तिथि रहे। इसके अंतर्गत विभिन्न कलाओं, चित्रों और वीमेन सेल द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इस




अवसर पर महाविद्यालय की अब तक की उपलब्धियों और यात्रा पर एक फ़िल्म के प्रदर्शन के साथ ही सूफ़ी संगीत की प्रस्तुति भी हुई। अकादमिक सत्रों के अन्तर्गत विभिन्न व्याख्यानों का आयोजन किया गया और ग्रुप डिस्कशन, रील मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, डिबेट आदि विभिन्न गतिविधियों आदि में विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की।

कार्यक्रम का समापन और संस्कृतिक कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज के राजीव गांधी सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय एवं फ्रेंच की संस्कृति में संगीत एवं नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग विषय पर डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई और शिवाजी कॉलेज की टीम द्वारा ÷भारत और फ़्रांस द्विपक्षीय संबंध भारत को केवल सैन्य सहायता प्रदान करेगा÷ विषय पर डिबेट का आयोजन किया भी किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष के रूप में प्रो. सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, आईजीएनसीए, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. गीता भट्ट, निदेशक, एनसीवेब और विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बिन्ध्यवासनी पांडेय, डीन वर्क्स, दिल्ली विश्वविद्यालय भी उपस्थिति रहे। तीनों कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अवनीश मित्तल, भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ़ एप्लाइड साइंसेज़, प्रो. वीरेंद्र भारद्वाज, शिवाजी कॉलेज, प्रो. साधना शर्मा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी महिला कॉलेज और डॉक्टर शिवानी वर्मानी , भास्काराचार्य कॉलेज की नोडल ऑफिसर भी इस अवसर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न सम्मानित वक्ताओं ने भारत की जी20 की सफल अध्यक्षता को रेखांकित करते हुए विश्वगुरु बनने की ओर भारत के अग्रसर होने का विश्वास व्यक्त किया। ऐसा भारत और प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व के कारण ही संभव हो पाया है। एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की संकल्पना ÷वसुधैव कुटुंबकम÷ की आवश्यकता को भी वक्ताओं द्वारा उल्लिखित किया गया। भारत ने अपने नेतृत्व में जी20 समूह को मात्र एक आर्थिक सहयोग का मंच नहीं रहने दिया बल्कि सांस्कृतिक सहयोग की नई संभावनाओं का मार्ग भी प्रशस्त किया। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रदान कर भारत ने आने वाले समय में वैश्विक तकनीकी सहयोग के लिए भी इस मंच के विस्तार की संभावनाओं को एक नया आयाम प्रस्तुत किया है।

## नोएडा में पत्नी के चेहरे पर फेंका था तेजाब, पति को मिली 10 वर्ष की कारावास

**नोएडा।** पत्नी के चरित्र पर शक होने के बाद उसके ऊपर तेजाब फेंकने वाले आरोपी पति को न्यायालय ने 10 वर्ष की कारावास तथा 50 हजार रुपए का अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अधिवक्ता नितिन त्यागी ने बताया कि श्रीमती लता की शादी सोनू से हुई थी। लता फेस दो थाना क्षेत्र में स्थित एक फैक्ट्री में काम करती थी। सोनू को उसके चरित्र पर शक था। जब लता फैक्ट्री से काम करके घर लौट रही थी उस वक्त वर्ष 2017 में सोनू ने लता के ऊपर तेजाब फेंक दिया था। बचाव करने



के दौरान सोनू के हाथ पर भी तेजाब गिर गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर थाना फेस दो पुलिस ने सोनू को गिरफ्तार न्यायालय में पेश किया था। उसके खिलाफ पुलिस ने चार्ज शीट कोर्ट में दायर की। इस मामले की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रणवीर सिंह की अदालत में चल रही थी। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने दोनों पक्षों के गवाहो, वकीलों के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी को दोषी पाया तथा आज अपनी पत्नी के ऊपर तेजाब फेंकने के आरोपी पति को 10 वर्ष की कारावास और 50 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थदण्ड जमा नहीं करने पर 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतना होगा।

## केजरीवाल के खिलाफ नहीं है जांच :सीबीआई

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के नवीनीकरण में भ्रष्टाचार के आरोपों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा शुरू की गई प्रारंभिक जांच (पीई) उनके खिलाफ नहीं है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीई के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर, सूत्रों ने कहा कि यह किसी विशिष्ट व्यक्ति के खिलाफ निर्देशित नहीं था। सूत्र ने कहा, 'फिलहाल हम किसी नतीजे पर पहुंचने के लिए जानकारी की पुष्टि करने की प्रक्रिया में हैं।' मुख्यमंत्री केजरीवाल के




आवास का नवीनीकरण, जो कि कोविड-19 महामारी के दौरान हुआ, में कथित तौर पर अधिक भ्रष्टाचार और नियमों का उल्लंघन शामिल था।

सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई की टीम भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेगी और फिर कार्रवाई की दिशा तय करेगी। फिलहाल, इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है। गुरुवार को केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, 'यह पहली बार नहीं है। इससे पता चलता है कि प्रधानमंत्री दहशत में हैं। यह पहली पूछताछ नहीं है। उन्होंने मेरे खिलाफ 50 जांचें कीं, मुझ पर शराब घोटाले, बस घोटाले, स्कूल घोटाले और सड़क घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने मेरे खिलाफ 33 मामले दर्ज किये हैं।'

खबर दृष्टिकोण
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कश्यप द्वारा शौर्य प्रिंटर्स, शिवपुरी कालोनी, निकट बांसमण्डी चौराहा, लखनऊ से मुद्रित एवं 551घ/1316, निकट शराफत जनरल स्टोर, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ- 226005 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- आरती कश्यप, Mob. : 9555229060,9838938570 Email- khabardrishtikon@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. NO.: UPHIN/2021/82210